

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-48 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 30 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## सुकमा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

# 16 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद



सुकमा(ए)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के गोगंडा पहाड़ी में आज सुबह से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। सूत्रों के मुताबिक, 28 मार्च 2025 को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। 29 मार्च की सुबह 8 बजे से ही मुठभेड़ जारी है और सुरक्षा बल लगातार इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सरकार और सुरक्षा बल निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाना है। इस अभियान में बस्तर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ, कोबरा और बीएसएफ जैसे सुरक्षा बलों की संयुक्त भूमिका है। भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 63 मुठभेड़ों में 333 नक्सली मारे जा चुके हैं, जिसमें आज की कार्रवाई के आंकड़े भी शामिल हैं।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को खत्म करने प्रतिबद्ध : अमित शाह

रायपुर,(आरएनएस)। सुकमा एनकाउंटर पर अमित शाह का बयान सामने आया है, उन्होंने कहा, नक्सलवाद पर एक और स्ट्राइक, हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता; केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 16 माओवादियों को मार गिराया है। इस घटना में दो जवान घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार केरलापाल थाना क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से की बात, कहा- मुश्किल वक्त में भारत साथ खड़ा है



नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

## क्षिप्रा तट से होगी प्रदेशव्यापी जल संरक्षण अभियान की शुरुआत



भोपाल (निप्र)। प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का "जल गंगा संवर्धन" महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे।



हरिद्वार में अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर हर की पौड़ी पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

# ईद पर दिल्ली और मुंबई में हो सकते हैं हिंदू-मुस्लिम दंगे, बम विस्फोट की भी चेतावनी; प्रशासन में मचा हड़कंप



नई दिल्ली, (आरएनएस)। ईद के दौरान दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोट व दंगों की चेतावनी मिली है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट के माध्यम से पुलिस को चेतावनी दी गई है। मुंबई में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पोस्ट में कहा गया है कि 31 मार्च और 1 अप्रैल को ईद के दौरान कुछ विशेष क्षेत्रों में हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी और बम विस्फोट हो सकते हैं।रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में नवी मुंबई पुलिस के हैंडल को टैग किया गया। इसमें चेतावनी डोंगरी जैसे इलाकों को लेकर जारी की गई। कहा गया कि यहां कुछ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी या पाकिस्तानी घुसपैठियां ऐसी हरकत को अंजाम दे सकते हैं। पोस्ट के बाद नवी मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक साइबर सेल सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने में लगा है। तकनीकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोंगरी इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।पुलिस ने कहा कि मुंबई पुलिस के जवानों के अलावा अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष शाखा की कड़ी निगरानी में हैं। मुंबई पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था बनी रहे।शख्स ने पोस्ट किया, 'मुंबई पुलिस सतर्क रहें! 31 मार्च-1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी/पाकिस्तानी घुसपैठिए, जो डोंगरी जैसे इलाकों में रहते हैं, हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी व बम धमाके कर सकते हैं।' नवी मुंबई पुलिस ने पोस्ट का जवाब दिया और लिखा कि संपर्क करने के लिए धन्यवाद। कृपया अपने पोस्ट के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपना मोबाइल नंबर भेजें।

## म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

नेपीडॉ (ए)। म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंपों की एक श्रृंखला के ठीक एक दिन बाद, शनिवार को देश में 5.1 तीव्रता का एक और भूकंप आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप में देश में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। नवीनतम भूकंपीय गतिविधि



म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ के पास दोपहर 2.50 बजे के आसपास 10 किलोमीटर की गहराई पर हुई। शुक्रवार के भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले इस नए भूकंप से होने वाले नुकसान और संभावित हताहतों के बारे में अभी कोई स्पष्ट सूचना नहीं है। बता दें म्यांमार में शुक्रवार दोपहर को 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे परिवहन और संचार व्यवस्था में बड़ी दिक्कतों के बावजूद बचाव कार्य तेजी से जारी हैं। सागाइंग के पास आए इस भूकंप के बाद 2.8 से 7.5 तीव्रता के 12 बाद के झटके महसूस किए गए।

# डल्लेवाल ने अनशन समाप्त नहीं किया : मंगत

चंडीगढ़, (आरएनएस)। किसान नेता गुरनमीत सिंह मंगत ने शुक्रवार को स्पष्ट करना चाहा कि वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन नहीं समाप्त किया है। मंगत का स्पष्टीकरण तब सामने आया जब पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि श्री डल्लेवाल ने आज पानी पिया है और अपना अनशन समाप्त किया है।

मंगत के अनुसार श्री डल्लेवाल ने 19 मार्च से, जब किसान नेताओं समेत करीब 1500 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, पानी पीना त्याग दिया था। उसी रात पुलिस ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों को हिरासत में लेकर आंदोलन स्थल खाली करवा दिए थे। पंजाब सरकार किसानों को तो छोड़ देने के लिए तैयार हो गई और लगभग 1200 किसानों को पिछले एक सप्ताह में छोड़ दिया गया, लेकिन किसान नेताओं को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हो रही थी। श्री डल्लेवाल ने कहा था,जब तक पंजाब सरकार सभी किसानों को रिहा नहीं कर देती, पानी नहीं पियेंगे। इस बीच, पंजाब सरकार ने जब कल देर रात से जेलों में बंद किसान नेताओं को रिहा करना शुरू किया तो श्री डल्लेवाल ने पानी पिया लेकिन मंगत के अनुसार उनका अनशन जारी रहेगा।

# पत्नी का मुंह बंद कर पेट में घोंपा चाकू, फिर पत्नी से बातें करता रहा पति; जिंदा ही सूटकेस में ठूंसा

नई दिल्ली (आरएनएस)। बेंगलुरु से एक दिल दहला देने वाली घटना पिछले दिनों सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को सूटकेस में छिपाया। इस मामले को लेकर कई और खुलासे हुए है।



जानकारी में सामने आया कि यह मामला पहले आवेश में की गई हत्या माना जा रहा था। आरोपी राकेश ने अपनी पत्नी को थप्पड़ मारा, उसका मुंह बंद किया और चाकू से गले व पेट में वार किए। राकेश ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी गौरी अनिल संबरेकर को घरेलू विवाद के दौरान चाकू से गोदकर मार डाला। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने गौरी को जिंदा रहते हुए ही सूटकेस में डालने की कोशिश की थी, लेकिन सूटकेस का हैंडल टूट जाने के कारण वह उसे घर से बाहर नहीं ले जा सका। बाद में उसने शव को बाथरूम में खींचकर रखा। इतना ही नहीं, उसने शव को पानी की निकासी वाली जगह पर रखा ताकि खून आसानी से गटर में चला जाए। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि गौरी उस समय तक जीवित थी, जब उसे सूटकेस में बंद किया गया। सूटकेस में म्यूकस के निशान मिले, जो इस बात का संकेत देते हैं कि वह मृत नहीं थी।

बता दें कि राकेश और गौरी एक महीने पहले मुंबई से बेंगलुरु आए थे। राकेश को एक आईटी कंपनी में वर्क-फ्रॉम-होम नौकरी मिल गई थी, जबकि गौरी नई नौकरी की तलाश में थी। बुधवार रात दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद राकेश ने गौरी को थप्पड़ मार दिया। जवाब में गौरी ने रसोई का चाकू उठाकर उस पर फेंक दिया, जिससे उसे हल्की चोट लगी। गुस्से में आकर राकेश ने गौरी के गले और पेट में चाकू से वार कर दिया। पुलिस के अनुसार, गौरी ने बचाव के लिए संघर्ष किया था, जिसके निशान राकेश के शरीर पर पाए गए।

# सरकार का बड़ा फैसला, नशा तस्करों को अब मिलेगा मृत्युदंड

शिमला (आरएनएस)। नशे के खात्मे के लिए एक तरफ जहां पंजाब सरकार सख्त कदम उठा रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल सरकार ने भी प्रदेश में नशा रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने नशा तस्करों को मृत्युदंड देने पर मुहर लगा दी है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए दो विधेयक पारित कर दिए। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।



इसमें नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रविधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में इसे सदन में पेश किया था।जिसके बाद अब इस पर चर्चा की गई और पारित कर दिया गया। इसमें 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रविधान किया गया है। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश ऐसा प्रविधान करने वाला पहला राज्य है।






# 300 साल पहले बंजारों ने की थी सलकनपुर में विजयासन धाम की स्थापना

सीहोर, (निप्र)। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के सलकनपुर के पास, एक हजार फीट उंचे विन्ध्य पर्वत पर, माता विजयासन देवी का मंदिर है। यह देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। पुराणों के अनुसार देवी विजयासन माता पार्वती का ही अवतार हैं। जिन्होंने देवताओं के आग्रह पर रक्तबीज नामक राक्षस का वध कर सृष्टि की रक्षा की थी। रक्तबीज का संहार कर विजय पाने पर देवताओं ने यहॉं माता को जो आसन दिया, वही विजयासन धाम के नाम से विख्यात हुआ, और माता का यह रूप विजयासन देवी कहलाया।

एक किवदंती यह भी प्रचलित है कि लगभग 300 साल पहले बंजारे अपने पशुओं के साथ जब इस स्थान पर विश्राम करने के लिए रूके तब अचानक उनके सारे पशु गायब हो गए। बहुत ढूंढने के बाद भी पशु नहीं मिले। तभी एक बुर्जुग बंजारे को एक बालिका दिखाई दी। उस बुजुर्ग ने उस बालिका से पशुओं के बारे में पूछा तो उसने कहा कि, इस स्थान पर पूजा-अर्चना कीजिए आपको सारे पशु वापस मिल जाएंगे और हुआ भी वैसा ही। अपने खोए हुए पशु वापस मिलने पर बंजारों ने उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया। तभी से यह स्थल शक्ति पीठ के रूप में स्थापित हो गया। देशभर से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन माता विजयासन के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए आते हैं। नवरात्रि में यहॉं विशाल



मेला लगता है। चैत्र नवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। यह भोपाल से 75 किलोमीटर दूर सीहोर जिले के सलकनपुर नामक गांव के में स्थित है। मंदिर परिसर तक रोपवे और सड़क मार्ग के साथ ही सीढ़ी मार्ग से भी जाया जा सकता है। मंदिर परिसर तक लगभग 1400 सौ सीढ़ियॉं हैं।

## गुड़ी पड़वा पर्व - विक्रम संवत नव वर्ष की शुरूआत

भारत विविध धर्मों, सम्प्रदायों एव विविध संस्कृति और परंपराओं का देश है। सभी धर्मों-संप्रदायों के अपने त्योहार और उनका अपना विशेष धार्मिक महत्व है। अनेक पर्वों की भांति गुड़ी पड़वा का भी विशेष महत्व है। गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों में भी मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है ध्वज अर्थात झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है। इस पर्व से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। साथ ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को विक्रम संवत नववर्ष की शुरुआत होती है। गुड़ी पड़वा को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों जैसे छेती चांद, उगादी, युगादी आदि नामों से भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं में इसे रावण पर भगवान राम की जीत, और उनके 14 वर्ष के वनवास के बाद उनके राज्याभिषेक की खुशी में मनाया जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि गुड़ी पड़वा वाले दिन ही ब्रह्माण्ड की रचना हुई थी। इस त्यौहार पर लोग अपने घरों में सजाते हैं और नव वर्ष के प्रारंभ से नयी शुरूआत करते हैं। लोग अपने घरों के बाहर गुड़ी लगाकर सुख समृद्धि, धन, यश और सौभाग्य को आमंत्रित करते हैं।

## विविध-समाचार

### किसानों के हित में गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ाई गई

भोपाल (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे।गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रेल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन युवा पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख देगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा, जो 3 महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करने की स्वर्णिम पहल है।

### प्रापर्टी डीलर ने की खुदकुशी

भोपाल (आरएनएस)। शाहपुरा में किराए से रहने वाले प्रापर्टी डीलर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। फिलहाल पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।एएसआई कन्हैयालाल यादव ने बताया कि अखिलेश दुबे (55) मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले थे। भोपाल के त्रिलंगा में किराए का कमरा लेकर अकेले रहते थे। शुक्रवार की रात को पड़ोसी ने खिड़की से उनके शव को फंदे पर लटका हुआ देखा था।तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना किया। शनिवार की दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस का कहना है कि एफएसएल की टीम के साथ आज घटना स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। फिलहाल कमरे को सील कर दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोविंदपुरा सब्जी मंडी में गांजे की डिलीवरी देने पहुंचे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया।आरोपियों के कब्जे से चार किलो से ज्यादा गांजा मिला है। जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। एसीपी मुखतार कुरैशी ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद कस्तूरबा अस्पताल के सामने से दो युवकों को हिरासत में लिया गया। दोनों के पास से बैग में रखा चार किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान राहुल चौरसिया पिता महेश चौरसिया (21) निवासी शिव नगर लक्ष्मी नगर गली नंबर 4 छोला मंदिर और संजना ठाकुर पिता राजू ठाकुर (20) निवासी अटल अयूब नगर गणेश मंदिर कैंची छोला के रूप में की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृहद मराठी समाज के साथ मनाई गुड़ी पड़वा

## गुड़ी पड़वा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है। वसुदेव कुटुंबकम का भाव सबको साथ लेकर चलने और सब के प्रति सद्भाव रखने का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के सभी त्योहारों को समाज और सरकार मिलकर पूर्ण आनंद और उल्लास के साथ मनाएं इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जन सामान्य के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों के प्रसंग से जीवन प्रबंधन और आत्म गौरव के अनेक सूत्र प्राप्त होते हैं । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं।

होली, दीवाली जैसे मंगल कामनाओं और आनंद के साथ मनाए जाने वाले अवसर त्योहार हैं। त्योहारों की बधाई देना उचित है बाकी अवसरों पर मंगल कामनाओं का आदान-प्रदान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार परीक्षा तथा अन्य ऐसे कार्यों के लिए जाने वाले व्यक्ति को शुभकामनाएं देना, उनके प्रति शुभेच्छा प्रकट करना उचित रहता है। भारतीय संस्कृति की समृद्ध शब्द संपदा के परिणाम स्वरुप ही हर अवसर पर भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए पृथक शब्द हैं। जबकि जहां शब्द भंडार सीमित हैं, वहां विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति के लिए समान शब्दों का ही उपयोग होता है। कार्यक्रम में जबलपुर के पूर्व महापौर तथा निर्देशक मराठी साहित्य अकादमी श्री संतोष गोडबोले, डॉ. अभिजीत देशमुख, श्रीमती नीलिमा देशपांडे सहित रीवा, इंदौर, भोपाल, मंडल, जबलपुर और विदिशा से पधारे समाज बंधु उपस्थित थे।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की

### सागर में संविधान चौक का लोकार्पण

**इंदौर में भी बनेगा संविधान चौक : मंत्री श्री विजयवर्गीय**

भोपाल (ए.)। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सागर में बनाये गये संविधान चौक से अन्य जिलों को भी संविधान चौक बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में भी सागर जैसा संविधान चौक बनाया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय शुक्रवार को सागर में संविधान चौक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सागर नगर निगम ने शहर के अंबेडकर पार्क में चौराहे का सौंदर्यीकरण करते हुए संविधान चौक का निर्माण किया है। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी भी मौजूद थीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन स्थल से संबंधित जगहों पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्मारक तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने नागपुर में जहाँ शिक्षा-दीक्षा ली, वहाँ 500 करोड़ रुपये की राशि से विशाल स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देहदानी स्व. भैया लाल पटेल के निधन पर दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के पिता भैयालाल पटेल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। स्व. भैयालाल पटेल की मृत्यु के उपरान्त उनकी इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की गई। स्व. पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए अमर पाटन स्थित उनके निवास पहुंचकर सैकड़ों नागरिकों ने देह के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।मैहर जिला प्रशासन द्वारा अमरपाटन में स्व. भैया लाल की पार्थिक देह को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान प्रदान किया गया। स्व. पटेल का 89 वर्ष की अवस्था में शुक्रवार को निधन हुआ।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंगदान और देहदान को प्रोत्साहन देने के लिए देहदान करने वाले व्यक्तियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किए जाने के निर्देश दिए हैं। देहदान की पूर्व सूचना देने वालों को राज्य शासन की ओर से सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया। अंगदान की पूर्व सूचना देने वाले व्यक्तियों को 26 जनवरी और 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश में अनेक नगरों में नागरिकों द्वारा मृत्यु के उपरांत नेत्रदान,अंगदान और देहदान का संकल्प लिया गया है। इसके लिए नागरिकों द्वारा विधिवत निर्धारित प्रपत्र भर कर मेडिकल कॉलेज और अन्य चिकित्सा संस्थानों को सूचित भी किया गया है। ऐसे नागरिकों और परिवारों को मानवता की सेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण से संबंधित राज्य स्तरीय संस्थान की स्थापना और अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिवारों को सम्मानित करने की पहल की गई है।

## चलते-चलते बंद हुआ ट्रैक्टर सुधारते समय अचानक चल पड़ा, चपेट में आने से चालक की मौत




भोपाल (निप्र)। पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में हुए एक अजीबो गरीब एक्सीडेंट में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। बताया गया है की सड़क पर चलते-चलते अचानक ट्रैक्टर बंद हो गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने नीचे उतरकर इंजन को देखा और कुछ सुधार करने के बाद स्टार्ट करने के लिये ट्रैक्टर को धक्का दे दिया। लेकिन इसी बीच ट्रैक्टर चालू हो गया और चालक को कुचलकर रुक गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

थाना पुलिस के अनुसार विदिशा जिले का रहने वाला फूल सिंह दांगी पिता सिरनाम सिंह दांगी (61) ट्रैक्टर से भोपाल आया था। बीती सुबह करीब साढ़े आठ बजे कैंची छोला में अचानक उसका ट्रैक्टर चलते-चलते बंद हो गया। उसे सुधारने के बाद फूल सिंह उसे धक्का दे रहा था। उसी समय ट्रैक्टर चालू हो गया फूल सिंह ने चलते ट्रैक्टर पर चढ़ने का प्रयास किया लेकिन वह असंतुलित होकर उसके पहिए के नीचे आ गया। गंभीर रूप से घायल फूलसिंह के इलाज के लिये पीपुल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दिन भर चले इलाज के बाद रात करीब 8 बजे उसकी मौत हो गई।

अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजते हुए ट्रैक्टर नंबर के आधार पर परिवार वालो से संपर्क कर हादसे की जानकारी दे दी। पीएम के बाद शव परिवार वालो को सौंपने के बाद पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### प्रेम प्रसंग में युवक ने किया सुसाइड


भोपाल (आरएनएस)। ऐशबाग में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसका अपनी गर्लफ्रेंड से विवाद हुआ था। युवक के मोबाइल में परिजनों को विवाद की ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है, जिसमें गर्लफ्रेंड की दोस्त उसे जानकारी देती है कि प्रेमिका ने हाथ की नस काट ली है और गुस्से में है। परिजनों का कहना है कि हम शादी के लिए तैयार थे, लेकिन इस घटना ने सभी को झकझोर दिया।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक ने शुक्रवार की रात जहर खा लिया था और शनिवार तड़के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शाकिर अली (30), पुत्र रहबर अली, निवासी अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग, भारत टॉकीज पर स्थित उजैर पर ऑटो डीलिंग का काम करता था। युवक के जीजा शाहिद अली ने बताया कि शुक्रवार रात शाकिर जहरीला पदार्थ खाकर घर लौटा।

## म.प्र. बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 1 अप्रैल 2025 से होंगे प्रभावशील

### केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय

भोपाल (आरएनएस)।आवासीय आरसीसी निर्माण तथा समस्त क्षेत्रों में आरबीसी/ टिन शेड/ कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी। यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बैठक में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे। मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के अंतर्गत अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के मार्गदर्शन सिद्धांत के प्रस्ताव के अनुमोदन और भूमि, भवन एवं स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए मानदंड/ उपबंध के अनुमोदन के संबंध में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड/ महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों से बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के अनुमोदित प्रस्तावों पर विचार करने के बाद उन्हें मान्य किया गया। निर्णय अनुसार बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2025-26 आगामी 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर पंजीबद्ध दस्तावेज नवीन प्रस्तावित रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रधानमंत्री सड़क अन्य जिला सड़क, तीव्र नगरीकरण, प्रदेश में विकसित हो रही शहरी अधोसंरचना आदि को दृष्टिगत रखते हुए जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर विचार के बाद दरों को प्रस्तावित मूल्यों के आधार पर युक्तियुक्त किए जाने का निर्णय लिया।

### उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है गुड़ी पड़वा : राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (ए.)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है। भारतवर्ष की महान संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी मातृशक्ति पर है। यह बात उन्होंने भोपाल में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नर्मदापुरम रोड पर एक सभागार में आयोजित कृष्णा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कार्यक्रम में कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं एवं पर्व व्यक्तिगत स्वार्थ व सुख के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में जगत के कल्याण के भाव का चिंतन इतना गहरा है कि हर जीव की चिंता हमारी संस्कृति करती है, इसलिए भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हम सब अपने घरों पर कर सके, इसलिए सकोरों का वितरण भी आज संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के ग्राम विकास संयोजक बृज किशोर भार्गव, विद्युत विभाग के डॉ. आलोक पांडे, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती किरण खेर सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।



भोपाल। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल भोपाल की कक्षा द्वितीय की छात्रा देवांशी नामदेव ने 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान तो वहीं नम्रता मीणा ने 99 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं शिवांशी मीणा ने 98 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व अपने माता पिता को किया गौरान्वित।

# विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने मुरैना में स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन



मुरैना (ए.) विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं मुरैना जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री,ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का अवलोकन किया।

इस अवसर पर सांसद विवेक तन्खा, कमलेश कुशवाह, समाजसेवी योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम श्री केवी टीकमगढ़ में अकादमिक उन्नयन समारोह आयोजित

टीकमगढ़ (ए.)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टीकमगढ़ में 27 मार्च को अकादमिक उन्नयन समारोह मनाया गया। अभिभावकों के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्टाफ एवं अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। प्राचार्य संतोष सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को कड़ी मेहनत करना आवश्यक है। एस.के. जैन द्वारा अंतिम परीक्षा का संक्षिप्त परिणाम विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुष्का पाराशर एवं कामिनी पटेरिया ने किया। शिक्षक संदीप सभरवाल, रोहित कुमार और सी.एल. अहीरवार इस अवसर पर उपस्थित रहे। इसके बाद कक्षाओं में वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए।

## यूरेशियन वल्चर को रायसेन वन मण्डल के सरार बीट में छोड़ा गया

### सरार बीट में होगा वल्चर रेस्टोरेंट का निर्माण



रायसेन ( ए.)। वन मण्डल रायसेन अंतर्गत शनिवार को एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध की प्रजाति) को हलाली बांध के पास सफलतापूर्वक मुक्त किया गया। इस वल्चर को सतना वन मण्डल से रेस्क्यू कर मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर और वन विहार में उपचार के लिये लाया गया था। वल्चर के उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उसे रिलीज किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे ने बताया कि रायसेन वन मण्डल के सरार बीट में गिद्धों के लिये अनुकूल परिस्थिति, वातावरण और उनकी संख्या को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर वल्चर को छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसी स्थल पर वल्चर रेस्टोरेंट का निर्माण करने की तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। आगामी दिनों में भोपाल स्थित वल्चर ब्रीडिंग सेंटर के 6 वल्चर को भी इसी स्थान पर छोड़ा जायेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने कहा कि मवेशियों को इलाज के लिये दी जाने वाली दवाइयाँ, जिन्हें शासन ने प्रतिबंधित किया है और जो गिद्धों के लिये जानलेवा है, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डायक्लोफेनेक, निमेसुलाइड, कीटोप्रोफेन और एसेक्लोफेनेक दवाइयाँ जो पशुओं के इलाज के लिये दी जाती थीं, इन दवाइयों को पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है

## नगर पालिका अध्यक्ष ने वितरित किए नामांतरण स्वीकृति पत्र

गुना (आरएनएस) । नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने 490 नामांतरण स्वीकृति पत्र तैयार कर वितरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने 400 नामांतरण प्रकरण स्वीकृत करने का निर्देश दिया था, लेकिन तत्परता से काम करते हुए 490 प्रकरण स्वीकृत किए गए।नगर पालिका कार्यालय में



आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव की उपस्थिति में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। परिषद के निर्णय उपरांत चार माह से रुकी नामांतरण प्रक्रिया को पुन: प्रारंभ किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर मात्र चार दिनों में 490 प्रकरण तैयार किए। अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई कर इन पर हस्ताक्षर किए और स्वीकृति पत्र जारी किए। कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य नगर पालिकाओं को भी गुना नगर पालिका से सीख लेने का सुझाव दिया। नपाध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल कार्य में विश्वास रखती है और इसी भावना के अनुरूप केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के मार्गदर्शन में नगर पालिका कार्य कर रही है।

# जल जीवन मिशन ने बदली जनजातीय अंचलों की तस्वीर

## डिण्डौरी जिले के 24 जनजातीय गांवों में घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल



डिण्डौरी (ए.) प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत जनजातीय अंचलों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। डिंडोरी जिले के बैगा जनजातीय बहुल 24 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वर्षों से जल संकट से जूझ रहे इन गांवों के हजारों परिवारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे अब वे सीधे नल से स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर रहे हैं।

### जल संकट से समाधान की ओर

डिण्डौरी जिले के इन गांवों में अब तक ग्रामीण नदी-नालों और परंपरागत जलस्त्रोतों पर निर्भर थे, जिससे उन्हें न केवल लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, बल्कि दूषित जल सेवन से बीमारियों का भी सामना करना पड़ता था। अब पीएचई विभाग द्वारा स्थापित आधुनिक वाटर यूनिट्स के माध्यम से हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। खारीडीह ग्राम पंचायत के उफरी और बाहरपुर गांव के निवासियों ने बताया कि पहले पेयजल की व्यवस्था चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं।

### सरकार की प्रतिबद्धता-'हर घर जल' संकल्प की ओर एक और कदम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पहल को राज्य के जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इसे जनजातीय अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि "प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले हर नागरिक को पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हों। जल जीवन मिशन के अंतर्गत डिंडोरी में हुआ यह कार्य प्रदेश के अन्य जनजातीय अंचलों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करता है।" इस पहल से न केवल जल संकट का समाधान हुआ है, बल्कि जलजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए यह सिर्फ पानी की उपलब्धता का विषय नहीं, बल्कि एक बड़े बदलाव का संकेत है, जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। राज्य सरकार जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

झाबुआ (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जल संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने का आव्हान किया है और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राथमिकता के आधार पर जल गंगा संवर्धन अभियान के कुशल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया है। इसी के तहत प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। "जल गंगा संवर्धन अभियान" का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यत: नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर किये जायेगें। अभियान में समाज की सहभागिता के लिए जन जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन और कार्य भी किये जायेंगे।

# व्यापार समाचार

# केंद्र सरकार ने 3,712 करोड़ रुपये के पटना-सासाराम 4-लेन हाइवे प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को बिहार में पटना से शुरू होकर सासाराम तक जाने वाले 120 किलोमीटर तक के 4-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी।

सीसीईए ने बैठक के बाद जारी किए बयान में कहा कि प्रोजेक्ट हाइब्रिड एनुटी मोड (एचएएम) में डेवलप किया जाएगा। इसकी लागत 3,712.40 करोड़ रुपये होगी। एचएएम एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है जिसे सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को पुनर्जीवित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सरकार प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान निजी डेवलपर को वार्षिक भुगतान के रूप में लागत का 40 प्रतिशत प्रदान करती है। निजी डेवलपर प्रोजेक्ट लागत का शेष 60 प्रतिशत लोन या इक्विटी के माध्यम से जुटाता है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वर्तमान में, सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा स्टेट हाईवे (एसएच-2, एसएच-12,



एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर करता है, जिसमें आरा शहर सहित भारी यातायात के कारण 3 से 4 घंटे लगते हैं। मौजूदा ब्राउनफील्ड हाईवे के 10.6 किमी के अपडेट के साथ एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बढ़ती भीड़ को कम किया जा सके, जिससे आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम जैसे स्थानों में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

यह प्रोजेक्ट एनएच-19, एनएच-319, एनएच-922, एनएच-131जी और एनएच-120 सहित प्रमुख परिवहन गलियारों को एकीकृत करता है, जिससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को निर्बाध संपर्क प्रदान होता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रोजेक्ट 02 हवाई अड्डों (पटना में जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और आगामी बिहटा हवाई अड्डा), 04 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और 01 अंतर्देशीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी, जिससे माल और यात्री आवागमन में तेजी आएगी। पूरा हो जाने पर, पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इससे लखनऊ, पटना, रांची और वाराणसी के बीच संपर्क में भी सुधार होगा। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है, इससे रोजगार सृजन होगा, इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि होगी और बिहार में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## अधिक यूएस टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मिलेगी मदद- रिपोर्ट

मुंबई (ए.)।बढ़ते अमेरिकी टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में दी गई।जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय दवा कंपनियों में बेहतर लागत प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की कीमत पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की क्षमता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि अधिक टैरिफ के कारण इस बात की भी संभावना कम है कि भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं को अमेरिका में शिफ्ट करें। जेपी मॉर्गन ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए दवाइयों की कीमत में वृद्धि और सीमित आपूर्ति के चलते फार्मास्यूटिकल्स पर 25 प्रतिशत या उससे अधिक टैरिफ असंभव है। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर फार्मास्यूटिकल्स पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाता है,।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हुआ

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 4 महीने के उच्चतम स्तर 658.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आरबीआई के मुताबिक, फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 1.6 अरब डॉलर गिरकर 558.86 अरब डॉलर हो गया। एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। इस कारण से विदेशी मुद्राओं में होने वाला उतार-चढ़ाव का असर एफसीए पर देखा जाता है। समीक्षा अवधि के दौरान, गोल्ड रिजर्व 2.8 अरब डॉलर बढ़कर 77.2 अरब डॉलर हो गया है। इससे पहले 14 मार्च को समाप्त हुए हफ्ते में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 0.305 अरब डॉलर बढ़कर 654.27 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार तीसरा हफ्ता है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त देखने को मिली है। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त से रुपये को मजबूती मिलती है जो अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई बढ़ोतरी से रुपया भी मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी ढांचे को दर्शाती है और इससे आरबीआई को रुपये में अस्थिरता आने पर उसे स्थिर करने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है। इसके विपरीत, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के कारण आरबीआई के पास रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की कम जगह रह जाती है। इसके अतिरिक्त, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा फरवरी में घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो जनवरी में 22.99 अरब डॉलर था। देश का व्यापारिक निर्यात फरवरी में 1.3 प्रतिशत बढ़कर 36.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि जनवरी में यह 36.43 अरब डॉलर था। वहीं, आयात 16.3 प्रतिशत घटकर 50.96 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले महीने यह 59.42 अरब डॉलर था।

## डॅलर के मुकाबले रुपये ने दिखाया दम, मार्च में दर्ज की 6 वर्षों की सबसे बड़ी तेजी

नई दिल्ली (ए.)। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में तेजी जारी है। मार्च में अब तक अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया 2 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुका है। यह नवंबर 2018 के बाद स्वदेशी मुद्रा का अब तक का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन है।डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी की वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी करना और डॉलर इंडेक्स में कमजोरी को माना जा रहा है।फरवरी में वैश्विक अस्थिरता और डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड लो 87.95 पर पहुंच गया था। तब से रुपये में एक मजबूत रिकवरी देखने को मिली है। मौजूदा समय में, डॉलर के मुकाबले रुपया 85.58 पर है।

रुपये में तेजी की वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) द्वारा भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी करना है। गुरुवार के कारोबारी सत्र में एफपीआई ने करीब 1.2 अरब डॉलर का निवेश भारतीय इक्विटी बाजार में किया। वहीं, बीते छह कारोबारी सत्र में एफपीआई 6 अरब डॉलर से अधिक की इक्विटी खरीद चुके हैं।

# UPI के नए नियम 1 अप्रैल से होंगे लागू, इनएक्टिव मोबाइल नंबर वाले यूजर्स को आ सकती है परेशानी

नई दिल्ली (ए.)। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे में यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल करने वाले हर यूजर को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि उसके बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एक्टिव हो। सही मोबाइल नंबर के साथ बैंक रिकॉर्ड अपडेट रखे जाने पर ही यूपीआई सर्विस का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल किया जा




सकेगा। इनएक्टिव या दोबारा असाइन किए गए मोबाइल नंबर को लेकर उनसे जुड़ी यूपीआई सर्विस को लेकर परेशानी आ सकती है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट के नियमों के अनुसार, डिसकनेक्ट होने पर मोबाइल नंबर 90 दिन बाद एक नए यूजर को असाइन किया जा सकता है। अगर किसी ग्राहक का मोबाइल नंबर कॉल, मैसेज या डेटा के साथ इस्तेमाल न किया जा रहा हो तो ऐसे नंबर को टेलीकॉम प्रोवाइडर्स डिएक्टिवेट कर देते हैं। इन नंबरों को रिसाइकल या चर्न्ड नंबर कहा जाता है। नए दिशा-निर्देशों के तहत यूजर का बैंक-वेरिफाइड मोबाइल नंबर यूजर के यूपीआई आइडेंटिटीफायर के रूप में काम करेगा। जिसके साथ यूजर अलग-अलग यूपीआई ऐप्स का इस्तेमाल कर सकता है।दूसरी ओर बैंक और यूपीआई एप्लीकेशन को भी अपने मोबाइल नंबर रिकॉर्ड्स को हर हफ्ते अपडेट करने की जरूरत होगी, जिससे रिसाइकिल या मॉडिफाइड नंबर से होने वाली गलतियों से बचा सके। न्यूमेरिक यूपीआई आईडी असाइन करने से पहले एप्लीकेशन को यूजर्स से इजाजत लेने की जरूरत होगी। यूजर्स को इस फीचर के लिए एक्टिवली ऑप्ट इन करना होगा, यह डिफॉल्ट सेटिंग में ऑप्ट आउट है। किसी स्थिति में अगर एनपीसीआई के वेरिफिकेशन में कुछ देरी होती है तो यूपीआई एप्लिकेशन अस्थायी रूप से न्यूमेरिक यूपीआई आईडी से जुड़ी समस्याओं को इंटरनली हल कर सकते हैं। इन मामलों का डॉक्यूमेंटेशन किया जाना जरूरी होगा और निरीक्षण उद्देश्यों के तहत हर महीने एनपीसीआई को रिपोर्ट किया जाना जरूरी होगा।

## इस साल फरवरी में कोर सेक्टर इंडस्ट्री में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज : केंद्र

नई दिल्ली (ए.)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज किए जाने के कारण इस साल फरवरी में आठ कोर इंडस्ट्री (आईसीआई) के संयुक्त सूचकांक में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले नवंबर 2024 के लिए आठ कोर इंडस्ट्री के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत देखी गई। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.4 प्रतिशत है। फरवरी, 2024 की तुलना में इस बार फरवरी 2025 में कोयला उत्पादन में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत बढ़ा। फरवरी में इस्पात उत्पादन में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.5 प्रतिशत बढ़ा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए।

दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा।

अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है।गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बाताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

अंतरिक्ष में मैराथन दौडने़ वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य रोड शो में शामिल हुए।

# गज़ पे सवार होके आजा शेरांवालिएं - शेरावालिएं मां ज्योतावालिए

**किशन सनमुखदास भावनानी /**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है,जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है,यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 30 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक शुभ चैत्र नवरात्र दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्सर अप्रैल महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधि में कठोर व्रत रखा जाता हैअपनी अपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार-चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनी मनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है। चूँकि चैत्र नवरात्र 30 मार्च-6 अप्रैल 2025- गज पर सवार होकर आएगी शेरावाँलिएं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चैत्र नवरात्र में मां का हर स्वरूप,नारी शक्ति के हर पहलू को दर्शाता है व महिला सशक्तिकरण की एक अद्भुत मिसाल भी पेश करता है।

साथियों बात अगर हम यह पर्व साल में चार बार मनाने की करें तो, यह पर्व साल में चार बार मनाया जाता है, जिनमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है. चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है।इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च 2025 (रविवार) को होगा और इसका समापन 6 अप्रैल 2025 (रविवार) को होगा, इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी, क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं।नवरात्रि सामान्यत: 9 दिनों तक मनाई जाती है, किंतु इस वर्ष तिथियों में कमी के कारण यह उत्सव 8 दिनों में समाप्त होगा। इसका कारण पंचांग की गणना है, जिसमें कभी-कभी तिथियों के संयोग के चलते एक दिन कम हो जाता है। फिर भी, धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है, क्योंकि कम दिनों में अधिक ऊर्जा और श्रद्धा के साथ पूजा करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है।साथियों बात अगर हम 30 मार्च से 6 अप्रैल तक माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इस बार चैत्र



(चैत्र नवरात्र 30 मार्च-6 अप्रैल 2025-गज़ पे सवार होके़ आएगी शेरावाँलिएं )

नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग- अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है। साथियों बात अगर हम चैत्र नवरात्र उत्सव आगमन की मान्यताओं की करें तो, रविवार 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने जा रही है, जो 6 अप्रैल को समाप्त होगी. नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की उपासना की जाती है। नौ दिनों के इस पर्व को भक्त जन बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं। इस नवरात्र में लोग पूरे 8 दिन के व्रत भी रखते हैं तो कुछ लोग केवल शुरुआत और आखिरी का व्रत भी करते हैं, चैत्र नवरात्र के 8 दिनों तक देवियों के स्वरूपों के अनुसार ही उन्हें अलग-अगल भोग लगाया जाता हैँ। मांशैलपुत्री - नवरात्र के पहले दिनघटस्थापना की जाती है, इसी दिन मां के प्रथम स्वरूप की पूजा होती है. मां शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं. मां को संफेद रंग पंसद है. मां को भोग में शुद्ध गाय के घी या घी से बनी चीजों को भोग लगाया जाता है, माना जाता है कि इससे आरोग्य का अर्शीवाद मिलता है।मां ब्रह्मचारिणी - चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां के दूसरे स्वरूप की पूजा होती है. भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए मां ने कठोर तपस्या की थी. इस कठोर तप के कारण उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा, मां का प्रिय भोग शक्कर माना जाता है शक्कर का भोग लगाने से आयु लंबी होती है। मां चंद्रघंटा-पौराणिक कथाओं के अनुसार,मां दुर्गा नेदानवों के अंतक को खत्म करने के लिए चंद्रघंटा का रूप लिया था, इसी अवतार ने महिषासुर का वध कर देवताओं की रक्षा की थी. मां चंद्रघंटा को दूध का भोग लगाया जाता है, माता को दूध से बनी मिठाई या खीर का भोग लगाने से धन लाभ होता है।मां कुष्मांडा - मान्यता है कि मां कुष्मांडा ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की है। मां को मालपुए का भोग लगाया जाता है. मां को मालपुए बेहद प्रसन्न हैं।भोग से प्रसन्न होकर मां अपने भक्तों की इच्छा पूरी कर देती हैं।मां स्कंदमाता-पौराणिक कथा के अनुसार, मां पार्वती ने अपने पुत्र कार्तिकेय को युद्ध के लिए तैयार करने के लिए स्कंदमाता का रूप लिया था।मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाया जाता है मानयता है मां को केले का भोग लगाने से शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है। छठे दिन मां कात्यानी - महर्षि कात्यायन के घर मां का जन्म हुआ था इसी वजह से उनका नाम कात्यानी पड़ा, देवी कात्यानी को देवी दुर्गा का छठा रूप कहा जाता है, मां को शहद बहुत प्रिय हैं। शहद का भोग लगाने से आकर्षण की प्राप्ति होती है।मां कालरात्रि - मां कालरात्रि ने ही शुभं-निशुभं औररक्तबीज नाम के राक्षसों को वध किया था। मां कालरात्रि नकारात्मकता का विनाश करने वाली हैं इनके शरीर रंग काला और बाल बिखरे होते हैं, इसलिए इन्हें कालरात्रि कहा जाता है।मां को गुड़ का बेहद पंसद है इन्हें गुड़ का भोग लगाने से आकस्मिक मौत नहीं होती है।मांमहागौरी - महागौरी को मां पार्वती के रूप माना जाता है। आठवें दिन को अष्टमी कहा जाता है, सभी भक्त इन दिन विशेष उपासना करते है. इस दिन नारियल का भोग लगता है,नारियल को भोग लगने से मां अपकी मनोकामना पूरी करती हैं। मां सिद्धदात्री - मां सिद्धदात्री को शक्ति का रूप कहा जाता है. मां भक्तों के भक्ती से प्रसन्न होकर नौ सिद्ध दें सकती हैं. नवरात्र के नौंवे दिन इनकी पूजा- हवन होने के बाद कन्या पूजन होती है. इस दिन मां को हलवा-पूरी और चने की सब्जी चढ़ाई जाती है फिर उस प्रसाद को कुमारी कन्याओं को खिलाए जाता है और खुद भी खाकर अपना नौ दिन के व्रत को समाप्त करते हैँ। साथियों बात अगर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा की करें तो,अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें, इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए, इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए और विशेष आहुतियों के साथ देवी की प्रसन्नता के लिए हवन करवाना चाहिए, इसके साथ ही 9 कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए भोजन करवाना चाहिए।

दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा को विशेष प्रसाद चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए, 2 साल की कन्या को कुमारी कहा जाता है. इनकी पूजा से दुख और दरिद्रता खत्म होती है। 3 साल की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है। त्रिमूर्ति के पूजन से धन-धान्य का आगमन और परिवार का कल्याण होता है। 4 साल की कन्या कल्याणी मानी जाती है,इनकी पूजा से सुख- समृद्धि मिलती है। 5 साल की कन्या रोहिणी माना गया है, इनकी पूजन से रोग-मुक्ति मिलती है।

# देश में जलवायु परिवर्तन-नई नीति की दरकार

राकेश दुबे

और भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में भी एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है।ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।




मेष राशि: आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाये रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेस मैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में ख़ुशी का माहौल रहेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दाम्पत्य रिश्ते की दूरियां खत्म होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर उलझ सकते हैं, लेकिन किसी अनुभवी की सलाह से जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए कई अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। एक साथ बैठकर किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आज आप किसी तरह की राजनीति में उलझ सकते हैं। ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा होगी।

सिंह राशि: आज आपको लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग जॉब की तलाश कर रहे हैं, उन्हें जॉब पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ अनुभवी लोगों से बेहतर सलाह मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन आपको प्रसन्नता देगा। आज आपको खास बात पता चल सकती है, जिससे आप खुद को सरप्राइस महसूस करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरुरी काम में थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जायेगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है, रिश्ते में नयापन आयेगा। वेब डिजाईनर्स के लिए दिन उत्तम रहने वाला है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझे हुए नज़र आयेंगे, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर प्लान बनायेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जायेंगे।

धनु राशि: आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगी। आपके स्वभाव में धीरज बना रहेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। आज आप जो काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आप कुछ समय मनोरंजन में भी बितायेंगे।

मकर राशि: आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिये अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप अपने मन की बात दोस्तों से शेयर कर सकते हैं।

कुंभ राशि:आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। साथ ही आज आप सेहतमंद बने रहेंगे। आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी नये काम की शुरुआत के बारे में सोच सकते हैं। आज आपकी सकारात्मक सोच जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर आज का दिन बढ़िया रहेगा।

मीन राशि:आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, उनके लिए खरीदारी भी करेंगे। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

# सीरिया में गृह युद्ध की आशंका बढ़ी

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडऩे के लिए भेजा गया है।

सीरियाई सुरक्षा बलों द्वारा सीरियाई तट के गांवों और इलाके के लोगों की हत्या, कब्जा और यातना के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिन्हें लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता जताई जा रही है। सीरिया की अंतरिम सरकार ने देश के तटीय इलाकों लताकिया और टार्टस में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। लताकिया में अलावाइट्स, सुन्नी मुस्लिम और ईसाई जैसे जातीय और धार्मिक समूह रहते हैं। लाताकिया सीरिया का अलावाइट बहुल क्षेत्र है, और यहां अलावाइट समुदाय का विशेष प्रभाव है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। यह इलाका बशर अल-असद का प्रमुख गढ़ माना जाता है। देश के तटीय इलाकों में अलावी और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय पर सुरक्षा बलों के हमलों का असर देश के दूसरे कई इलाकों पर पड़ रहा है, और इससे तनाव गहरा गया है। मोहम्मद अल-जुलानी देश में बाहरी हस्तक्षेप रोकने की बात कह रहे थे लेकिन उनके कदम ठीक इससे उलट दिखाई दे रहे हैं। सीरिया की सरकार ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पेशेवर सेना तैयार करने के लिए देश के सशस्त्र बलों में उइगर, जॉर्डनियन और तुर्क सहित कुछ विदेशी लड़ाकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उनका यह कदम अन्य जातीय-धार्मिक समूहों के लिए विचलित करने वाला है। जुलानी का आईएस से गहरा संबंध रहा है, और दुनिया के इस सबसे दुर्दांत आतंकी संगठन का किसी देश में सीमा पर कोई विश्वास नहीं है, आईएस को विदेशी लड़ाकों की सुस्थापित सैन्य इकाई माना जाता है। जुलानी ने आईएस से अलग होकर ही हयात तहरीर अल-शाम नामक गुट बनाया था और वे खुद को उदार नेता के रूप में प्रस्तुत कर सीरिया के कई जातीय समूहों का विश्वास जीतने में सफल भी हो सके। लेकिन अब जब देश की कमान उनके हाथ में आई तो उन्हें लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं।

एचटीएस की स्थापना 2011 में एक अलग नाम, जबात अल-नुसरा के तहत अल-कायदा के प्रत्यक्ष सहयोगी के रूप में की गई थी। स्वयंभू इस्लामिक स्टेट का नेता अबू बक्र अल-बगदादी भी इसके गठन में शामिल था। अल-जुलानी ने सार्वजनिक रूप से अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से नाता तोड़ लिया है, लेकिन वे सुन्नी मुसलमान हैं, जो खलीफाओं के प्रभुत्व को स्वीकार करते हैं।

खलीफा अरबी भाषा में ऐसे शासक को कहते हैं, जो किसी इस्लामी राज्य या अन्य शरिया से चलने वाली राजकीय व्यवस्था का शासक हो। यह इस्लाम की पारंपरिक और प्राचीन विचारधारा है, जिस पर बहुसंख्यक सुन्नी भरोसा करते हैं। दुनिया में आईएस के उभार के केंद्र में इस विचारधारा को रखा गया जब एक दशक पहले इस्लामी चरमपंथी संगठन आईएस ने इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाकों में खिलाफत यानी इस्लामी राज्य का ऐलान किया। शिया मुसलमान इतिहास की इस व्याख्या को स्वीकार नहीं करते।

असद के जाने के बाद शिया गहरे दबाव में हैं। अलावी, इस्माइलिस और अन्य शिया सीरिया की आबादी का करीब तेरह फीसद हिस्सा हैं। बशर अल-असद सरकार के पतन से पहले उनकी शासन व्यवस्था में सकारात्मक स्थिति मौजूद थी। हयात अल-शाम को सुन्नियों का संगठन माना जाता है, यदि इस विद्रोही संगठन ने शियाओं को निशाना बनाने की कोशिश की तो सीरिया में ईरान और तुर्की के हित भी टकराएंगे। सीरिया में तुर्की ईरान की जगह ले सकता है। सीरिया की बाईस मिलियन आबादी में से दसवां हिस्सा ईसाइयों का है। रूस खुद को बीजान्टिन साम्राज्य और उसकी रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक विरासत के प्राकृतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखता है, जो सीरियाई रूढ़िवादी ईसाई चर्च से बहुत जुड़ा हुआ है। वहीं अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी रूस सीरिया में बने रहना चाहता है, जिससे वह पूर्वी भूमध्य सागर, दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका तक अपनी मौजूदगी को बढ़ा सके। भूमध्य सागर में रूस की रणनीति तीन प्रमुख लक्ष्यों पर केंद्रित है, भूमध्य सागर की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठा कर अपनी सुरक्षा में सुधार करना, भूमध्य सागर में अपनी स्थिति का उपयोग करके अमेरिका के लिए एक वैकल्पिक विश्व शक्ति के रूप में रूस की स्थिति को बढ़ाना और सीरिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना। रूस का काला सागर बेड़े के लिए एकमात्र भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा सीरिया के बंदरगाह शहर टार्टस में स्थित है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। अब अलावी समुदाय के लोग रूस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। सीरिया में रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब और अमेरिका का गहरा दखल है। तुर्की सीरिया की वर्तमान सुन्नी सरकार को समर्थन देकर कुदरे पर दबाव बढ़ा रहा है।

सीरिया में तुर्की की प्राथमिक रुचि उत्तरी सीरिया में कुर्द समूहों से लडऩे के लिए एक बफर जोन और एक पुलहेड बनाने की रही है। उत्तरी सीरिया के कुर्द बल में कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स मिलीशिया का दबदबा है। तुर्की इसे अपनी सीमा पर मौजूद खतरे की तरह देखता है। तुर्की कुदरे के एक हिस्से को आतंकवादी समूह बताता है। असद को ईरान का समर्थन हासिल था लेकिन अब तुर्की समर्थक सरकार बनने से मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। मोहम्मद अल-जुलानी को अपने देश में शांति की स्थापना के लिए विदेशी हस्तक्षेप को रोकना होगा और सभी वगरे से बातचीत कर सर्वमान्य सरकार बनाना होगा। फिलहाल, जुलानी आर्दोआन के हितों को आगे बढ़ा रहे हैं, और यह स्थिति सीरिया में गृह युद्ध की आशंका को बढ़ा रही है।



## हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाई

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम-1972 की धारा 118 के तहत भूमि खरीद की अनुमति देने के लिए स्टाम्प ड्यूटी बढ़ा दी है। नयी स्टाम्प ड्यूटी संरचना को पहली बार 13 फरवरी, 2025 को जारी भारतीय स्टाम्प (हिमाचल प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2025 के माध्यम से लागू किया गया था। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से राज्य विधानसभा में पेश किये गये विधेयक के माध्यम से अब इन्हें औपचारिक रूप दिया जा रहा है।राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लागू भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत मौजूदा स्टाम्प ड्यूटी दरें तर्कहीन पाई गईं और उन्हें चरणों में संशोधित किया जा रहा है। गैर-कृषकों से जुड़े भूमि लेनदेन से राजस्व बढ़ाने के लिए सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी को छह प्रतिशत से बढ़ाकर बारह प्रतिशत कर दिया है। यह बढ़ोतरी स्वामित्व और पट्टा समझौतों दोनों के आधार पर भूमि हस्तांतरण पर लागू होती है। इस निर्णय के साथ हिमाचल प्रदेश में भूमि खरीदने वाले गैर-कृषकों को अब पहले की तुलना में दोगुना स्टाम्प शुल्क देना होगा।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

ऊना ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में अम्ब-ऊना हाईवे पर गांव धुसाड़ा में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अनिल कुमार (30) निवासी ततवानी, शाहपुर (कांगड़ा) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने यहां बताया कि युवक मोटरसाइकिल से बद्दी से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी । इसके साथ ही पैदल जा रहे एक व्यक्ति को भी ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घायल अनिल कुमार (31) निवासी सुराली, खुंडियां (कांगड़ा) को गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाया जायेगा : विज

चंडीगढ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विधानसभा (विस) में चल रहे बजट सत्र के दौरान कहा कि वह सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाने के पक्ष में हैं और सदन को आश्वासन देता हूं कि हम इन खंभों को हटाएंगें। विज बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हुए है कि पूरे हरियाणा का एक सर्वे करवाया जाए कि कितने खंभे अब सडकों के बीच में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बजट अनुसार इन सभी खंभों को हटाया जाएगा।उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रावधान के तहत खंबे और तारें शिफ्ट करने का खर्चा पंचायत, नगर पालिका या नगर परिषदों या नगर निगम को ही देना होता है। इसके अलावा, मैंने हिदायत दी हुई है कि पंचायत समिति या नगर पालिका या नगर परिषद या नगर निगम के खाते में यह हर छह महीने में जमा कर दिए जाएं और उस पैसे से यह खंबे शिफ्ट करवाए जा सकते हैं।

## राज्य गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' पर लगी विस की स्वीकृति की मुहर

चंडीगढ (आरएनएस)। हरियाणा विधानसभा ने शुक्रवार को राज्य गीत को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' सदन में सुनाया भी गया।इससे पूर्व हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। समिति में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव (अध्यक्ष) के अलावा विधायक गीता भुक्कल, विनोद भ्याना, बलवान सिंह दौलतपुरिया, आदित्य देवीलाल सदस्य हैं। 14वीं विधान सभा के दौरान विधायक जोगी राम सिहाग, नीरज शर्मा, बिशम्बर सिंह भी सदस्य रहे। विधान सभा के प्रभारी सचिव डॉ. सतीश कुमार और मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश कुमार इस समिति के अधिकारी हैं।

# गृहमंत्री शाह ने बताई जस्टिस यशवंत वर्मा पर एफआईआर नहीं होने की वजह



नई दिल्ली(ए)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर कैश मिलने के मामले में पूरे देश में हलचल है। सुप्रीम कोर्ट से संसद तक इस कैश कांड की गूंज सुनाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने तो यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका ही खारिज कर दी। सबके मन में सवाल है कि आखिर जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अनगिनत कैश मिले तो एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है? इसका जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद दिया है।एक कार्यक्रम में शाह ने जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अनुमति के बाद ही एफआईआर दर्ज की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जजों का एक पैनल मामले को देख रहा है और उसकी रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। जस्टिस वर्मा के आवास से नकदी बरामदगी के मामले पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि सीजेआई संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताई गई प्रक्रिया के तहत मामले का संज्ञान लिया और जांच के लिए जजों की एक समिति का गठन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग समिति द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज मुहैया करा रहे हैं। वे जांच में सहयोग कर रहे हैं। जजों की समिति मामले में फैसला लेगी और अपने फैसले को सार्वजनिक करेगी। हमें समिति की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।इससे पहले शुक्रवार को जज यशवंत वर्मा के खिलाफ चल रही जांच के बीच सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें जज के घर से कैश मिलने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

## मधुमक्खियों का आतंक, हमले में आधा दर्जन से अधिक राहगीर जख्मी, घंटों तक मार्ग रहा बाधित

लखनऊ (ए.)। राजधानी लखनऊ के निगोहां क्षेत्र में शनिवार को मधुमक्खियों के एक झुंड ने हमला कर दिया, जिससे आधा दर्जन से अधिक राहगीर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मधुमक्खियों के कारण निगोहां-बेनीगंज मार्ग पर लगभग दो घंटे तक यातायात बाधित रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निगोहां गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित एक बरगद के पेड़ पर मधुमक्खी के छत्ते पर एक पक्षी ने हमला कर दिया था। इसके बाद मधुमक्खियों का झुंड उत्तेजित हो गया और गैस गोदाम के पास तिराहे से गुजर रहे राहगीरों पर हमला कर दिया।हमले के बाद आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सूखी घास में आग लगाकर धुआं किया, जिससे मधुमक्खियों को भगाया जा सका। इस दौरान करीब दो घंटे तक मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुकी रही। मधुमक्खी के हमले में रामकुमार, शबाना, गुरु प्रसाद, साहिल, रेनू सैनानी, राजेन्द्र, दीपक आशाराम, इन्तिसार, रामू और नीरू समेत एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

## नागरिकों के लिए उन्हीं की भाषा में शिकायतें दर्ज करवाना होगा आसान, सरकार उठाने जा रही ये बड़ा कदम

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के लिए एक मल्टीमॉडल, बहुभाषी (मल्टीलिंग्वल) ई-गवर्नेंस समाधान लागू करने के लिए डिजिटल इंडिया 'भाषिणी' के साथ सहयोग की घोषणा की है।यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत उठाया गया है ताकि शिकायत निवारण प्रणालियों में गुणात्मक सुधार लाया जा सके और नागरिकों के लिए अधिक संवेदनशील, सुलभ और सार्थक बनाया जा सके। मल्टीमॉडल, बहुभाषी समाधान के साथ, यह परिकल्पना की गई है कि नागरिक सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर 22 क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से आसानी से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। नागरिक शिकायत दर्ज करने के लिए अपनी क्षेत्रीय भाषा में बोल कर आवाज का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह समाधान सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर पहुंच और नेविगेशन को भी आसान बनाएगा। सरकार ने कहा कि डीएआरपीजी-भाषिणी के इस सहयोग से नागरिकों के लिए अधिक कुशल, सुलभ और उत्तरदायी शासन प्रणाली के लिए भविष्य का रोडमैप तैयार होगा।भाषिणी का सीपीजीआरएएमएस के साथ इंटीग्रेशन एआई-पावर्ड, बहुभाषी नागरिक जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यह सुनिश्चित करता है कि भाषा संबंधी बाधाएं अब शिकायत निवारण और सार्वजनिक सेवा पहुंच में बाधा नहीं बनेंगी। यह समाधान जुलाई 2025 तक लागू होने की उम्मीद है। इस बीच, इस सप्ताह संसद में पेश की गई जानकारी के अनुसार, नवंबर 2022 और फरवरी 2025 के बीच केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के तहत 56 लाख से अधिक शिकायतों का निवारण किया गया। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 1 नवंबर 2022 से 28 फरवरी 2025 तक सीपीजीआरएएमएस पर कुल 52,36,844 शिकायतें प्राप्त हुईं और इस प्रणाली के माध्यम से 56,63,849 शिकायतों का निपटारा किया गया।

# ईडी 22 करोड़ की कमाई का स्रोत जानने गई थी, वहां पोर्न से हो रही थी अंधी कमाई




नोएडा(ए)। नोएडा के एक घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम यह जानने गई थी कि 22 करोड़ की विदेशों से आई रकम की मूल वजह क्या है। जब टीम वहां पहुंची तो शानदार स्टूडियो और मॉडल्स के साथ न्यूड वीडियो देखकर हैरान रह गए। छापेमारी करने पहुंची तो एक एक बड़े और गंदे धंधे का खुलासा हो गया। नोएडा के जिस कपल के घर ईडी पहुंची थी उन पर आरोप है कि एक विदेशी पोर्न वेबसाइड को पोर्न वीडियोज और वेबकैम शो बेचकर करोड़ों की कमाई कर रहे थे।

सोशल मीडिया के जरिए यह कपल मॉडलिंग में करियर बनाने का सपना देखने वाली लड़कियों को झांसे में लेता था। सोशल मीडिया और कुछ अन्य वेबसाइट्स पर इसके लिए विज्ञापन दिया जाता था। जो लड़कियां विज्ञापन देखकर पहुंचती थीं उन्हें मोटी कमाई का लालच देकर पोर्न कारोबार में धकेल दिया जाता था। एडल्ट वीडियो से होने वाली कमाई का 25 फीसदी हिस्सा मॉडल्स को दिया जाता था। ईडी की टीम ने जब छापेमारी की तो कुछ मॉडल्स भी वहां शो करती मिलीं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनसे भी पूछताछ की है और बयान दर्ज किए हैं।

छापेमारी के दौरान घर पर मॉडल्स शो करती हुई मिलीं और 8 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है। दरअसल, पति-पत्नी ने मिलकर सबडिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी बनाई थी। यह कंपनी अडल्ट वीडियो का कारोबार कर रही थी। कपल ने साइप्रस की एक कंपनी टेक्नियस लिमिटेड से समझौता किया था। टेक्नियस लिमिटेड की ओर से एक्सहैम्सटर और स्ट्रिपचैट जैसी पोर्न वेबसाइट का संचालन किया जाता है। नोएडा में देसी पोर्न बनाकर यह कपल विदेशी वेबसाइट को भेजता था और बदले में वहां से उन्हें मोटी रकम अकाउंट में भेजी जाती थी।

## अजब प्रेम! किसी के पास एक नहीं, कोई दो लेकर घूम रहा, शख्स ने एक ही मंडप में दो प्रेमिकाओं से रचाई शादी

तेलंगाना। तेलंगाना के आसिफाबाद जिले की एक प्रेम कहानी बड़ी चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां एक शख्स को दो लड़कियों से प्यार था। शख्स दोनों को ही नहीं छोड़ना चाहता था। उसने अपनी दोनों प्रेमिकाओं से बात की और फिर एक ही मंडप में दोनों से शादी रचा ली। लिंगापुर मंडल के गुमनूर गांव में हुई इस शादी की चर्चा चारों तरफ हो रही है। दूल्हे सूर्यदेव ने एक ही मंडप के नीचे लाल देवी और झलकारी देवी के साथ 7 फेरे लिए। शादी समारोह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दूल्हा-दुल्हनों को शादी की रस्में पूरी करते देखा जा सकता है।तीन लोगों की एक साथ शादी की चर्चाएं जोरों पर हैं। सोशल मीडिया पर भी लोगों के तीखे रिएक्शन सामने आ रहे हैं। सूर्यदेव ने बताया कि उसे लाल देवी और झलकारी देवी से प्यार हो गया था। वह दोनों में से किसी एक को नहीं चुन सकता था। दोनों युवतियों में से कोई एक भी उसे छोड़ने को राजी नहीं थी। इसके बाद तीनों ने आपस में बात की और सहमति के साथ शादी करने का फैसला लिया।



इस बात पर उनके परिजनों ने भी किसी तरह की कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। खास बात यह है कि शादी के लिए जो कार्ड छपवाए गए, उनके ऊपर भी दोनों दुल्हनों के नाम थे। इसके बाद एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उनके परिजन और सभी रिश्तेदारों की मौजूदगी में दूल्हे ने अपनी दोनों दुल्हनों के साथ 7 फेरे लिए।

00

## मुख्यमंत्री साय ने जरूरतमंदों महिलाओं को बांटी सौगात-ए-मोदी

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रमजान के पाक महीने में ईद से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुस्लिम समाज की जरूरतमंद महिलाओं को सौगातें भेंट की. मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए, जिसमें लेडीज सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थी. मुख्यमंत्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है. डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्पसंख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए. इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, एम. इकबाल, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, रजिया खान, आबिदा खान सहित बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न तबकों के लोग उपस्थित थे।

## डल्लेवाल ने अनशन समाप्त नहीं किया : मंगत

चंडीगढ़ (आरएनएस)। किसान नेता गुरनमीत सिंह मंगत ने शुक्रवार को स्पष्ट करना चाहा कि वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन नहीं समाप्त किया है। मंगत का स्पष्टीकरण तब सामने आया जब पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि श्री डल्लेवाल ने आज पानी पिया है और अपना अनशन समाप्त किया है।

मंगत के अनुसार श्री डल्लेवाल ने 19 मार्च से, जब किसान नेताओं समेत करीब 1500 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, पानी पीना त्याग दिया था। उसी रात पुलिस ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों को हिरासत में लेकर आंदोलन स्थल खाली करवा दिए थे। पंजाब सरकार किसानों को तो छोड़ देने के लिए तैयार हो गई और लगभग 1200 किसानों को पिछले एक सप्ताह में छोड़ दिया गया, लेकिन किसान नेताओं को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हो रही थी। श्री डल्लेवाल ने कहा था,जब तक पंजाब सरकार सभी किसानों को रिहा नहीं कर देती, पानी नहीं पियेंगे। इस बीच, पंजाब सरकार ने जब कल देर रात से जेलों में बंद किसान नेताओं को रिहा करना शुरू किया तो श्री डल्लेवाल ने पानी पिया लेकिन मंगत के अनुसार उनका अनशन जारी रहेगा।गौरतलब है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) नेता श्री डल्लेवाल पिछले साल 26 नवंबर से अनशन पर हैं और जनवरी में जब केंद्र सरकार ने किसान नेताओं को उनकी मांगों पर चर्चा के लिए बुलाया तो श्री डल्लेवाल ने चिकित्सकीय सहायता लेने पर तो सहमति जताई पर अनशन जारी रखने की घोषणा की। किसानों के साथ केन्द्रीय व पंजाब के मंत्रियों की चार अनिर्णित बैठकों के बाद 19 मार्च को अचानक पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं को चंडीगढ़ से निकलकर पंजाब सीमा में पहुंचते ही हिरासत में ले लिया था। इनमें श्री डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंधेर भी शामिल थे।

# मुझे गलत फंसाया गया, सैफ अली खान पर हमला करने वाले ने किया दावा; कोर्ट से लगाई गुहार

मुंबई। सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका फाइल की है। आरोपी ने दावा किया है कि उसने कोई अपराध किया ही नहीं। उसका कहना है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उसे फंसाने के लिए केवल साजिश रची गई है। इस्लाम के वकील ने कहा की उनके क्लाइंट के खिलाफ झूठा केस दर्ज किया गया है। वह किसी भी अपराध में कभी शामिल नहीं रहा है।

वकील का कहना है कि शरीफुल इस्लाम ने अब तक की जांच में सहयोग किया है। याचिका में यह भी कहा गया कि जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग समेत सभी सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। ऐसे में ऐसी भी संभावना नहीं है कि आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ करेगा। इस्लाम पर आरोप है कि वह 16 जनवरी की



रात को डकैती के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुस गया था। उसने सैफ अली खान और उनकी मेड गीता पर हमला किया। आरोप है कि इस्लाम ने डंडे और हेग्जा ब्लेड से हमला किया था।घटना के बाद सैफ अली खान को गंभीर चोटें आई थीं। सैफ अली खान के स्टाफ के ही एलिमा फिलिप के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में यह केस चल रहा है। बांद्रा पुलिस के चार्जशीट फाइल करने के बाद बाद केस सेशन कोर्ट में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जमानत याचिका में कहा गया है कि इस्लाम को सजा मिलने से पहले ही इस तरह से सजा देना किसी उद्देश्य को पूर्ण नहीं करता है। बांद्रा पुलिस ने अभी तक इस केस में चार्जशीट फाइल नहीं की है। जल्द ही कोर्ट इस्लाम की जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकता है।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में बैंक ऑडिट और एआई पर आईसीएआई की राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान एक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# बिहार बोर्ड ने जारी किया 10वीं का रिजल्ट



### मैट्रिक टॉपर लिस्ट में 123 स्टूडेंट्स, दोगुनी हुई प्राइज मनी

पटना,(ए)। बिहार बोर्ड ने 10वीं मैट्रिक रिजल्ट 2025 घोषित कर दिया। 10वीं का रिजल्ट बिहार बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट मैट्रिकरिजल्ट2025 डॉट कॉम और मैट्रिकबिहारबोर्ड डॉट कॉम पर देख और डाउनलोड कर सकते हैं। इस बार बिहार बोर्ड में 10वीं पास होने वाले विद्यार्थियों का परसेंटेज 82.11 फीसदी रहा।

मौजूदा साल में 123 स्टूडेंट्स टॉप 10 में शामिल हुए हैं। यहां बताते चलें कि बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षाएं 17 फरवरी से 25 फरवरी 2025 के बीच संपन्न हुईं थी।

बिहार बोर्ड ने इंटर का रिजल्ट 25 मार्च 2025 को घोषित कर दिया था। खास बात यह है कि इस साल जहां अभी अन्य बोर्ड की परीक्षाएं करवाई जा रही हैं वहीं दूसरी तरफ बिहार बोर्ड ने अपने रिजल्ट घोषित कर रिकॉर्ड बनाने जैसा काम कर दिखाया है। जानकारी अनुसार बिहार बोर्ड इस साल मैट्रिक टॉपर को 2 लाख रुपये से पुरस्कृत करेगा। एक अन्य जानकारी अनुसार बिहार बोर्ड 10वीं रिजल्ट में समस्तीपुर की साक्षी, गेहरी की अंशु कुमारी और भोजपुर के रंजन ने टॉप कर स्कूल सहित क्षेत्र व प्रदेश को गौरवांवित किया है।

## फामेश्वरी यादव बनीं छत्तीसगढ़ की पहली अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस

गरियाबंद(ए)। जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक के छोटे से गांव परसदा जोशी की रहने वाली फामेश्वरी यादव ने अपनी मेहनत और संघर्ष से इतिहास रच दिया है। 24 मार्च को घोषित अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती के परिणाम में वह पास होने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला बन गईं हैं। फामेश्वरी की सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का कारण बन गई है। मजदूर पिता हीरालाल यादव की बेटी फामेश्वरी ने बीएससी सेकेंड ईयर की पढ़ाई के दौरान यह लक्ष्य तय किया कि वह अग्निवीर बनेंगी। गांव के एक युवक और बुआ के बेटे की अग्निवीर बनने की प्रेरणा से फामेश्वरी का जुनून बढ़ा और उन्होंने इसे अपनी मंजिल बना लिया। हालांकि, उनके पिता के पास कोचिंग के लिए पैसे नहीं थे, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी की ट्रेनिंग के लिए खुद दौड़ने और फिजिकल एक्टिविटी करवाने की शुरुआत की। फामेश्वरी के सपने के पीछे उनकी मां खेमीन बाई का पूरा साथ था, जिन्होंने बेटी की जिद को समर्थन दिया और गांव वालों की उलाहनाओं की परवाह नहीं की। फामेश्वरी का मानना है कि उनकी सफलता से राज्य की अन्य युवतियां भी प्रेरित होंगी और भारतीय सेना में अधिक संख्या में महिलाएं सेवा देने के लिए आगे आएंगी। अब फामेश्वरी यादव की ट्रेनिंग 01 मई से बेंगलुरू (कर्नाटक) स्थित सेना मिलिट्री पुलिस सेंटर में शुरू होगी। फामेश्वरी की इस उपलब्धि पर रायपुर सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया और कलेक्टर दीपक अग्रवाल तथा एसपी निखिल राखेचा ने भी उनके जज्बे की सराहना की।

# रमजान में भेड़ों की भारी डिमांड, 2 करोड़ की बिकी भेड़ें

सलेम, (आरएनएस)। तमिलनाडु के सलेम जिले में वीरगनूर मवेशी बाजार में रमजान के दौरान खूब रौनक रही। यहां 2,000 से ज्यादा भेड़ें बिकीं और कुल कारोबार 2 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह बाजार 100 साल से भी ज्यादा पुराना है और तमिलनाडु के सबसे बड़े मवेशी बाजारों में से एक है। रमजान के मौके पर भेड़ों की बिक्री से व्यापारियों और पशुपालकों के चेहरे पर खुशी छा गई।

बाजार में सेमराई, थलैसेरी और नट्टिनाडु जैसी कई नस्लों की भेड़ें बिक्री के लिए लाई गईं। इनकी कीमत 3,500 रुपये से लेकर 25,000 रुपये प्रति भेड़ तक रही। अलग-अलग कीमतों की वजह से हर तरह के खरीदारों ने यहां से खरीदारी की। रमजान के दौरान भेड़ों की डिमांड बढ़ने के कारण बाजार में भीड़ रही और कारोबार उम्मीद से भी ज्यादा हुआ। वीरगनूर मवेशी बाजार भेड़ व्यापार का बड़ा केंद्र है। यहां सलेम के अलावा नमक्कल, इरोड, कल्लकुरिची, विल्लुपुरम, तिरुचि, मदुरै, थेनी और रामनाथपुरम जैसे कई जिलों से खरीदार और विक्रेता पहुंचे। बाजार में सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। पशुपालक अपनी भेड़ें लेकर आए, जबकि खरीदार रमजान के लिए तैयारियाँ करने बाजार पहुंचे। इस मौके पर बाजार में सौदेबाजी और खरीद-फरोख्त का जोरदार माहौल देखने को मिला।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि वीरगनूर बाजार की खासियत इसकी पुरानी परंपरा और भरोसा है। यहां हर साल रमजान के दौरान भेड़ों की बिक्री बढ़ती है। इस बार भी बाजार ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया। पशुपालकों ने बताया कि अच्छी कीमत मिलने से उनकी मेहनत सफल हुई, वहीं खरीदार भी अपनी पसंद की भेड़ें ले जाकर खुश नजर आए। बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय रहा। भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक और सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। यह आयोजन न सिर्फ व्यापार के लिए, बल्कि इलाके की अर्थव्यवस्था के लिए भी अहम रहा। रमजान से दौरान हुई इस बिक्री ने वीरगनूर मवेशी बाजार की अहमियत को एक बार फिर साबित कर दिया।

# साड़ी पहन श्रद्धा दास ने कैमरे के सामने शेयर किया बोल्ड लुक, एक्ट्रेस की सिजलिंग अदाएं देख दीवाने हुए फैंस




बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा हॉट और ग्लैमरस लुक्स से फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है। उनका ये ग्लैमर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# केसरीः चैप्टर 2ः सी शंकरन नायर बन छाए अक्षय कुमार, पहली झलक आई सामने

अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो एक साल में कई फिल्में करते हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था।



अब जल्द ही अक्षय फिल्म केसरी: चैप्टर 2 में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है।

आर माधवन और अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। दोनों की झलक पहले ही सामने आ चुकी है।

अब निर्माताओं ने केसरी: चैप्टर 2 अक्षय का लुक जारी कर दिया है।केसरी: चैप्टर 2 में अक्षय वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायर की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका धांसू अवतार दिख रहा है।


अक्षय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक आदमी... पूरे साम्राज्य के खिलाफ। करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं।

केसरी: चैप्टर 2 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।बता दें कि फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसमें जलियांवाला बाग हत्याकांड की कहानी दिखाई गई।

2019 में रिलीज हुई केसरी सारागढ़ी के युद्ध पर आधारित थी जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था इसके साथ ही इसके म्यूजिक को भी फैंस ने सराहा था. वहीं अब केसरी 2 की पहली झलक में जलियांवाला हत्याकांड की झलक दिखाई गई है. जिसमें अंग्रेजों द्वारा कई भारतीयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने अक्षय कुमार केसरी 2 के साथ सिनेमाघरों में दस्तक देंगे.

# होटल तेहरान में लियाम और ज़ैचरी के साथ काम करना अद्भुत थाः एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री एल्नाज़ नोरौजी अपनी अगली फ़िल्म होटल तेहरान के साथ हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में लियाम नीसन और ज़ैचरी लेवी के साथ अभिनय करती नज़र आएंगी। हाल ही में इस दिवा ने अपने सह-अभिनेताओं के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की।



एल्नाज़ नोरौजी ने बताया, लियाम और ज़ैचरी के साथ काम करना अद्भुत था, लेकिन हाँ, ज़ैचरी के साथ मेरा रिश्ता और भी गहरा है क्योंकि मुझे उनके साथ कास्ट किया गया है, इसलिए हमारा रिश्ता और भी मजबूत है। हमने बहुत सारा पोकर खेला, वह एक बेहतरीन पोकर खिलाड़ी हैं। शूटिंग के बाद हर दिन हमारे लिए यह एक रस्म बन गई थी। यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे उनके द्वारा परिचित कराया गया और अब मैं इसे खेलने का पूरा आनंद लेती हूँ।

इस फिल्म को करने का कारण बताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैंने इस फिल्म को करने के लिए कई कारण बताए, लेकिन मुख्य कारण यह है कि निर्देशक बहुत बढ़िया हैं और अपने काम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, प्रोडक्शन हाउस इससे जुड़ा है, और तथ्य यह है कि मैंने ज़ैचरीज़ की फिल्में देखी हैं और मुझे लगता है कि वह शानदार हैं। इसलिए, मुझे उनके साथ इस भूमिका को निभाने का प्रस्ताव मिला, जो मेरे लिए बिल्कुल सही था। कोई यह कैसे भूल सकता है कि लियाम नीसन एक शानदार इंसान हैं, इससे ज़्यादा कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है।

होटल तेहरान में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब अपने किरदार की बात करें तो जब मुझे इसका वर्णन मिला तो मैं दंग रह गई। इस किरदार में कई परतें हैं, जिससे मुझे बहुमुखी होने का मौका मिला। यह किसी भी अभिनेता के लिए एक सपने के सच होने जैसा है।

अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछे जाने पर, एलनाज नोरौजी ने कहा, मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं और इस साल का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि यह कई बड़ी घोषणाओं का साल होगा। मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हूं, जो एक फ्रैंचाइज़ी है और उसके बारे में घोषणा होनी बाकी है। गर्मियों में मेरे पास अमेज़न प्राइम के साथ कुछ है। मैं जल्द ही इसके बारे में बात करूंगी और बहुत कुछ, लेकिन हां, जल्द ही आप मेरी तरफ से बहुत कुछ सुनेंगे।

# ग्राउंड जीरो से इमरान हाशमी की पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख का भी ऐलान

अभिनेता इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपना एक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर के जरिए अभिनेता ने बताया कि वह एक ऐसे मिशन को सामने लाने जा रहे हैं, जिसने कश्मीर को बदलकर रख दिया।

अब आखिरकार ग्राउंड जीरो से इमरान की पहली झलक सामने आ गई है।

इंस्टाग्राम पर शेयर 'ग्राउंड जीरो' के पोस्टर में इमरान हाशमी हाथ में हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता युद्धग्रस्त या संघर्षग्रस्त शहर के बीच हाथ में हथियार लिए नजर आए। पोस्टर पर लिखा है, तुझे यहां लाई तेरी मौत फौजी, कश्मीर का बदला लेगा गाजी।

पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया। ग्राउंड जीरो 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आ रही है। अब प्रहार होगा।



जानकारी के अनुसार 'ग्राउंड जीरो' की कहानी साल 2001 में हुए संसद हमले से संबंधित है, जिसमें एक बीएसएफ अधिकारी की पड़ताल 2 साल तक चलती है। इस जांच में मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पता लगाया जाता है, जिससे भारत का सबसे बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान संभव हो पाता है।तेजस देवस्कर के निर्देशन में तैयार फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर विशाल रामचंदानी, सुंदीप सी. सिधवानी, अरहान बगाती, कासिम जगमगिया, टैलिस्मन फिल्म्स, निशिकांत रॉय और अभिषेक कुमार हैं।

यह फिल्म 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इमरान ने 24 मार्च को अपने 46वें जन्मदिन के अवसर पर 'आवारापन' के सीक्वल की घोषणा की, जो 3 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्शन ड्रामा 'आवारापन 2' में शिवम की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां पिछली खत्म हुई थी।


# ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिंस की रिलीज डेट से हटा पर्दा, 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर डकैती का तमाशा दिखाने आ रही सैफ की फिल्म

सैफ अली खान और जयदीप अहलावत की आगामी थ्रिलर फिल्म ज्वेल थीफ – द हीस्ट बिगिंस अब दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार है. टीजर के बाद मेकर्स ने ज्वेल थीफ की ऑफिशियल रिलीज डेट का अनाउंसमेंट किया है. फैंस यह जानने के लिए उत्साहित है कि सैफ अली खान की थ्रिलर फिल्म कब धमाल मचाने आ रही है.नेटफ्लिक्स ने नए पोस्टर के साथ सैफ अली खान की ज्वेल थीफ – द हीस्ट बिगिंस की ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस किया है. पोस्टर में फिल्म के अहम किरदारों की झलक दिखाई गई है. ब्लैक सनग्लासेस पहने सैफ अली खान अपने प्लान को अंजाम देने के लिए पूरी तरह तैयार होते दिख रहे हैं. पोस्टर में जयदीप अहलावत, निकिता दत्ता और कुणाल कपूर को भी देखा जा सकता है.नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर ज्वेल थीफ – द हीस्ट बिगिंस की रिलीज डेट अनाउंस करते हुए पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, जितना बड़ा जोखिम, उतनी ही मीठी चोरी. आ रहा है अविश्वसनीय– ज्वेल थीफ. देखें ज्वेल थीफ, 25 अप्रैल को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर.कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल निर्देशित फिल्म में सैफ अली खान के साथ जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता जैसे कलाकारों ने काम किया है. फरवरी में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक दिखाई गई थी, जिसमें सैफ और जयदीप के किरदारों को अफ्रीकी रेड सन हीरे को चुराने के लिए सेना में शामिल होते हुए दिखाया गया था. फिल्म में सैफ अली खान एक चालाक ठग की भूमिका में हैं, जो जयदीप अहलावत के खिलाफ एक लड़ाई में उलझा हुआ है.बुडापेस्ट, इस्तांबुल और मुंबई पर आधारित यह एंटरटेनिंग हीस्ट ड्रामा 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यह फिल्म सिद्धार्थ आनंद और उनकी पत्नी ममता आनंद के प्रोडक्शन बैनर मार्फ्लिक्स पिक्चर्स का ओटीटी डेब्यू है.



# बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की हालत पस्त, जल्द सिनेमाघरों से हटाया जाएगा

जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। आलम यह है कि फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है।अब द डिप्लोमैट की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 70 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 28.75 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म के निर्देशक शिवम नायर हैं। जॉन ने फिल्म का निर्माण भूषण कुमार के साथ किया है। इस फिल्म में सादिया खतीब, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।



# सिर पर तेल लगाते समय न करें ये 5 गलतियां, बालों को हो सकता है नुकसान

बालों की देखभाल में तेल लगाना एक अहम हिस्सा है, लेकिन कई बार हम कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जो बालों पर बुरा असर डाल सकती हैं।इस लेख में हम उन सामान्य गलतियों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें आपको तेल लगाते समय टालना चाहिए। ये सुझाव महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए उपयोगी होंगे, ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।सही तरीके से तेल लगाने से बालों की जड़ों को पोषण मिलता है।



## बहुत ज्यादा तेल का इस्तेमाल न करें

अक्सर लोग सोचते हैं कि ज्यादा तेल लगाने से बाल ज्यादा मजबूत और चमकदार बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है।बहुत ज्यादा तेल लगाने से बाल चिपचिपे हो सकते हैं और उन्हें धोने में भी परेशानी होती है।इसके अलावा स्कैल्प पर अतिरिक्त तेल जमा होने से रोमछिद्र बंद हो सकते हैं, जिससे बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा संतुलित मात्रा में ही तेल का उपयोग करें ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें।

## गंदे हाथों से न लगाएं तेल

जब आप बालों में तेल लगाएं, तो यह जरूरी है कि आपके हाथ साफ हों।गंदे हाथों से तेल लगाने पर स्कैल्प पर बैक्टीरिया फैल सकते हैं, जिससे खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इससे बचने के लिए हमेशा अपने हाथ अच्छी तरह धोकर ही बालों में तेल लगाएं। साफ हाथों से तेल लगाने से बालों की जड़ों को सही पोषण मिलता है और उनका विकास ठीक से होता है।

## रातभर छोड़ना जरूरी नहीं

कई लोग मानते हैं कि रातभर के लिए तेल छोड़ने से ही उसका पूरा फायदा मिलता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है।आप चाहें तो 1-2 घंटे तक भी तेल लगाकर रख सकते हैं और फिर धो सकते हैं। लंबे समय तक तेल छोड़ने से कभी-कभी उल्टा असर भी हो सकता है, जैसे कि स्कैल्प का बहुत ज्यादा ऑयली होना या खुजली की समस्या बढ़ना।इसलिए संतुलित समय के लिए ही तेल लगाएं ताकि बालों की सेहत बनी रहे।

## सही तरीके से मालिश करें

बालों में सही तरीके से मालिश करना बेहद जरूरी है ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके और पोषण जड़ों तक पहुंच सके।हल्के हाथों से गोलाकार गति में मालिश करें ताकि स्कैल्प को आराम मिले और तनाव कम हो। इससे बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और बाल स्वस्थ रहते हैं।जोर-जोर से रगड़ने या खींचने की गलती न करें क्योंकि इससे जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे बाल कमजोर होकर टूट सकते हैं।

## हर बार शैंपू करना जरूरी नहीं

जब भी आप बालों में तेल लगाएं तो इसे शैंपू करना हर बार जरूरी नहीं होता, खासकर अगर आपने हल्का-सा ही तेल लगाया हो।बार-बार शैंपू करने से बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है, जिससे वे रूखे और बेजान दिख सकते हैं।हफ्ते में दो बार शैंपू करना पर्याप्त होता है ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें। ज्यादा शैंपू करने से बचें ताकि आपके बालों की नमी बनी रहे।

# टमाटर का जूस पीने से सुबह की शुरुआत कैसे हो सकती है फायदेमंद?

टमाटर का जूस एक ऐसा पेय है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

यह लेख उन लोगों के लिए है, जो अपनी सुबह को सेहतमंद और ऊर्जावान बनाना चाहते हैं।टमाटर में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।आइए जानते हैं कि रोज सुबह टमाटर का जूस पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## पाचन तंत्र को सुधारने में है सहायक

टमाटर का जूस पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट की सफाई करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।इसके नियमित सेवन से पेट हल्का महसूस होता है और गैस्ट्रिक समस्याएं कम होती हैं।अगर आप रोज सुबह खाली पेट टमाटर का जूस पीते हैं तो यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और भोजन के अवशोषण में मदद करता है।

## त्वचा को निखारने में है कारगर

टमाटर का जूस त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और उसे तरोताजा रखते हैं। यह दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है और झुर्रियों को दूर रखने में सहायक होता है।अगर आप अपनी त्वचा को प्राकृतिक रूप से निखारना चाहते हैं तो रोज सुबह टमाटर का जूस जरूर पिएं। इससे आपकी त्वचा की सेहत बेहतर होती है।



## वजन घटाने में है प्रभावी

जो लोग वजन घटाना चाहते हैं तो उनके लिए टमाटर का जूस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।इसमें कैलोरी कम होती हैं, लेकिन पोषक तत्व भरपूर होते हैं, जिससे भूख कम लगती है

और शरीर की ऊर्जा बनी रहती है।इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। यह जूस पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे भोजन का अवशोषण सही तरीके से होता है और शरीर स्वस्थ रहता है।

## हृदय स्वास्थ्य के लिए है अच्छा

टमाटर का जूस हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

इसमें लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय की बीमारियों का खतरा कम होता है।

इसके अलावा, टमाटर का जूस कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखता है, जिससे धमनियों में रुकावट नहीं होती और रक्त संचार सुचारू रहता है।


नियमित रूप से इसका सेवन करने से हृदय की कार्यक्षमता बेहतर होती है।

# नए संवतसर के राजा और मंत्री रहेंगे सूर्यदेव

## इस वर्ष ज्यादा ताप सहना होगा, अन्न अधिक और फल कम होंगे

**बलराम शर्मा,**

नर्मदापुरम। पंचांगीय गणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा आज रविवार से हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ होता है। ज्योतिषाचार्यों व पंचाग के विद्वानों के अनुसार विक्रम संवत 2082 कालयुक्त संवत्सर का नाम सिद्धार्थ रहेगा 2082 हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से और समापन चैत्र माह की अमावस्या तिथि को होती है। जिस दिन से संवत्सर की शुरुआत होती है, वह दिन या दिनाधिपति उस वर्ष का राजा होता है। रविवार होने से इस वर्ष के राजा सूर्य रहेंगे। और मंत्री का पद भी उन्हीं के पास रहेगा। आचार्य पं



नीरजेश त्रिपाठी के अनुसार सूर्यदेव की छत्र छाया में इस वर्ष प्रजा ज्ञान वैराग्य से युक्त होगी। संपूर्ण पृथ्वी पर प्रसन्नता रहेगी। अन्न, जल पर्याप्त रहेगा। अन्न की पैदावार पूर्व वर्षों की तुलना में उत्तम रहेगी, लेकिन इतना जरूर है कि रोग अधिक फैलेंगे। जिनसे सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। वर्ष के राजा सूर्य देव होने से फलों की पैदावार कम होने की संभावना रहेगी। गायों में दूध उत्पादन कम होगा। साथ ही अग्नि भय, जनहानि, चोरों का आतंक, राज्यों में विग्रह रहने की संभावना बढेगी। हृदय संबंधी,नेत्र संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सूर्यदेव के राजा होने से राजकीय सेवाओं कार्यों से जुड़े हुए लोगों व व्यापारियोंध, नौकरी पेशा वर्ग के लिए संवत्सर 2082 विशेष लाभकारी रहने की उम्मीद है। व्यापार व्यवसाय में नए आयाम स्थापित होंगे। आय में बढ़ोतरी होगी। नए कार्यों के लिए वर्ष शुभ फल कारक रहेगा। मंत्री पद पर भी सूर्य देव के आसीन होने के कारण चोरों का भय बढ़ेगा। पदार्थों से व्यापार में उन्नति प्राप्त होगी।

# मैं वो पत्रकार हूं चाहे जिसे फायर कर दूँ : नगरश्री गिरीमोहन गुरु

## राष्ट्रकवि भवानी दादा की जयंती पर काव्य गोष्ठी हुई, सांसद ने वर्चुली संबोधित किया




नर्मदापुरम (निप्र)। पूर्व वर्षों की तरह नर्मदांचल पत्रकार संघ के द्वारा राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती मनाई गई। स्व. प्रशांत दुबे पत्रकार भवन में आयोजित जयंती समारोह में स्थानीय कवियों ने काव्य पाठ किया। मुख्यअतिथि के रूप में नगर श्री गिरिमोहन गुरू मौजूद रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा ने की। आंमत्रित कवि अतिथियों का पुष्पहार से भावभीना स्वागत किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार नगरश्री गिरी मोहन गुरु ने भवानी दादा के साथ बिताए हुए समय को याद किया। उन्होंने अपनी कविता में कहा मैं वो पत्रकार हूं चाहे जिसे फायर कर दूं, गुलामी लौट के आए उसे वायरल कर दूँ, जमाना पब्लिक सिटी पर चल रहा है दोस्तए तू कहे तो तेरी सुर्खियों को शायर कर दूँ, पर जमकर तालियां बटोरी। नर्मदाँचल पत्रकार संघ के संरक्षक बलराम शर्मा ने दादा भवानी प्रसाद मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भवानी दादा की कविताओं में प्रकृति का सीधा समावेश है। दादा ने जिले ही नहीं प्रदेश और देश में साहित्य के क्षेत्र में स्वतंत्रता के आंदोलन में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। संघ के संरक्षक प्रफुल्ल तिवारी ने कहा कि भवानी दादा को कविता का गांधी कहा जाता था। साहित्यकार सुभाष यादव ने स्वच्छता व पर्यावरण पर आधारित अपनी रचना प्रस्तुत की। वरिष्ठ साहित्यकार खेमचंद्र यादवेश ने समाज में व्याप्त बुराई सट्टे पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा तू काहे लगावे सट्टा, ओ बुद्धि के मट्ठा। संघ के सचिव व साहित्यकार आत्माराम यादव ने कविता पढ़ते हुए कहा कि जानें क्या हद हो गई, आदमी की हद सरहदों में खो गई,सगे भाइयों के बीच आपस में ठनी हो गई कविता पर जमकर प्रसंशा बटोरी। इस दौरान कार्यक्रम में पत्रकार तुकाराम यादवेश ने स्कूली समय में लिखी आधुनिक काल के कवियों के नाम बताओ कविता सुनाकर तालियां हासिल की। कार्यक्रम में नर्मदाँचल पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी, मनोज सोनी, मुकेश भदौरिया, कमल राव चव्हाण, दयाराम पाल, प्रदीप गुप्ता, नरेंद्र दीक्षित, प्रकाश शर्मा रुद्रप्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पं गुरूजी ने पत्रकारों को नर्मदापुराण प्रदान की।

### कविवर भवानी प्रसाद मिश्र के लेखन में जैव विविधता और पर्यावरण समाहित : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

कविवर भवानी प्रसाद मिश्र के लेखन में जैव विविधता और पर्यावरण समाहित है। मिश्र जी ने समाज में अलख जगाई। ऐसे साहित्य सपूत के पूज्य माता पिता को नमन करता हूं। सांसद ने कहा कि भवानी प्रसाद मिश्र उन चुनिंदा साहित्यकारों में से एक थे जिन्होंने साहित्य सृजन के साथ ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी अपनी अहम भूमिका निभाई थीं। कवियों में मुख्य रूप से भवानीप्रसाद मिश्र अपनी व्यापक अनुभुतियों को जनसामान्य तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। सामाजिक प्रतिब्द्धताओं से जुड़ा मिश्र जी का काव्य संग्रह सहज भाषा के माध्यम से जन समुदाय पर व्यापक प्रभाव डालता है। यह बात होशंगाबाद नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नर्मदाँचल पत्रकार संघ नर्मदापुरम के कार्यालय में शनिवार को आयोजित राष्ट्रकवि साहित्यकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर वर्चुयल सम्बोधन में कही। सांसद भुवनेश्वर में किसी कार्य से गए हुए थे। अत्यधिक व्यस्तता के बीच समय निकालकर वर्चुयल रूप से कार्यक्रम से जुड़े। नर्मदाँचल पत्रकार संघ का साहित्यकार उनके सम्मान और सपूतों की याद में आयोजन बेहद प्रशंसनीय है।

इससे समाज निश्चित ही सकारात्मक दिशा तय करेगा। उन्होंने कवि श्री मिश्र जी से हम सभी को प्रेरणा लेते हुए समाज कल्याण और राष्ट्र उत्थान के लिए अग्रसर रहने की बात कही। सांसद ने पत्रकारों को सहयोग देने की बात भी कही। कवि भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती कार्यक्रम में नर्मदाँचल पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी के मोबाइल से सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने वक्तव्य दिया। संचालन उपाध्यक्ष विजय कुंभारे ने किया।

## गुड़ी पड़वा पर्व पर आज होगी महामंगला महाआरती

### मां नर्मदा के तट सेठानी घाट पर ब्रम्हमुहुर्त में होगा आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। मां रेवा की सरगम सांस्कृतिक संस्था, नर्मदापुरम के तत्वावधान में गुड़ी पड़वा पर्व, नवसंवत्सर प्रतिपदा की ऊषा बेला में 30 मार्च को प्रात: काल 5 बजे बजे से सेठानी घाट पर विशाल महाआरती समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

नर्मदांचल के संगीताचार्य पं महेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवसंवत्सर प्रतिपदा तिथि की मंगल बेला में पं भाल चन्द्र खड्डुर, पं अजय परसाई, के आचार्यत्व में विशाल महा मंगला आरती समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजन समिति के हरिओम दीक्षित, राकेश दुबे, हर्ष तिवारी, यश तिवारी, विनायक दीक्षित, अनूप तिवारी, आशीष सिंह, प्रशांत, ऐश्वर्यश्री, निधि तिवारी ने सभी से श्रद्धालुओं से विनम्र अपील की है कि इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड 'अ' में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम (मन कक्ष) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। अधीक्षक केंद्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड 'अ' में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से सुश्री नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), श्रीमती गीता चौधरी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अवसाद एवं मानसिक रोग से पीडित जेल में निरूद्ध पुरुष बंदी 23 एवं 09. महिला बंदियों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान 'प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक, हितेश बंडिया-जेल स्टाफ जेल स्टाफ उपस्थित अष्टकोण अधिकारी, डॉ. कुणाल राठौर, श्रीमती इंदुराज साहु (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ रहे।

## त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

नर्मदापुरम (निप्र)। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डी.के. सिंह ने चैत्र श्राद्ध अमावस्या (स्नान पर्व), चैत्र नवरात्र प्रारंभ, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, चैती चांद, रामनवमी/ श्रीदुर्गो नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती/ स्नान दान पूर्णिमा, अम्बेडकर जयंती, गुड फ्राईडे, स्नान दान अमावस्या, अक्ष्य तृतीया / परशुराम जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अपने अनुभाग स्तर अंतर्गत मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार श्री सिंह ने श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम एवं बृजेन्द्र रावत सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम, टी. प्रतीक राव अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी, अनिल जैन अनुविभागीय दण्डाधिकारी सोहागपुर, सुश्री अनिशा श्रीवास्तव अनुविभागीय दण्डाधिकारी पिपरिया एवं श्रीमती सरोज परिहार अनुवभागीय दण्डाधिकारी सिवनीमालवा की ड्यूटी लगाकर उन्हें अपने-अपने संपूर्ण अनुविभाग एवं घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है।

## जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी

### 390 किसानों से 4019 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 62973 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 947 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 713 मे.टी स्कंद का उपार्जन हुआ। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 165 उपार्जन केन्द्रो पर आज दिनांक तक कुल 4697 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है तथा 390 किसानों से 4019 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 9.98 करोड़ है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 2988 मीट्रिक टन (82.82त्न) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

### जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

नर्मदापुरम (निप्र)। शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



इस बैठक में समस्त जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जनपद के अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित जनपद सीईओ तथा स्टाफ को जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत पीपीटी (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से अभियान की आवश्यकताओं, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। समीक्षा बैठक में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करें और जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान समस्त जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल जी की तुलना सिर्फ अटल जी से ही की जा सकती है : पंकज जोशी

## भाजपा ने काव्यांजलि एवं वरिष्ठ नेताओं का किया सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में काव्यांजलि एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी पंकज जोशी ने कहा अटल जी जैसी शख्सियत की तुलना सिर्फ अटल जी से ही की जा सकती है। वे विचारधारा नेतृत्व और व्यक्तित्व में अद्वितीय थे। उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### अटल गैलरी का शुभारंभ

कार्यक्रम में अटल गैलरी का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें अटल जी के जीवन, विचार और नर्मदापुरम प्रवास की स्मृतियों को संजोया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने स्वागत भाषण में कहा अटल जी का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में आदर्शवाद और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक था। उनके विचारों में दृढ़ता और भाषा में मधुरता थी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कह अटल जी के साथ मेरा पारिवारिक रिश्ता रहा है। राज्यसभा में जब वे बोलते थे पूरा सदन एकाग्रता से सुनता था। उनका अविश्वास प्रस्ताव पर दिया गया ऐतिहासिक भाषण और एक वोट वाला प्रसंग आज भी स्मरणीय है। वे एक नक्षत्र थे, जिनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

### वरिष्ठ नेताओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में अटल जी के साथ काम कर चुके वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, संपत मूंदड़ा, श्रीनारायण खंडेलवाल, रमेश पटेल, हंस राय, अजय श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, मदनलाल डोंगरे, कपिल ठाकुर, राघवेन्द्र वर्मा, राजेश पुर्विया , जितेन्द्र मिश्रा, ओम उपाध्याय, जगदीश अग्रवाल, दिनेश नामदेव, रूपराम यादव, सुधीर तिवारी, इंदर सिंह मीना, सुरेन्द्र परमार, नानकराम कदम सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

### काव्यांजलि में कवियों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में कवियों ने अटल जी के व्यक्तित्व, राष्ट्रवाद और राष्ट्रभक्ति पर आधारित कविताओं का पाठ किया। कवियों में नित्यगोपाल कटारे, कीर्ति वर्मा, मानस दुबे, सौरभ यादव सूर्य, अमित बिल्लौरे और संप्रभु सोनकिया शामिल रहे। प्रसन्न हर्णे ने संचालन किया एवं राजेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नपा अध्यक्ष नीतू यादव, नीना नागपाल, राघवेंद्र पटैल, संध्या सिंगारे, राजेश तिवारी, लोकेश तिवारी, विवेक गौर, महेन्द्र यादव, प्रशांत दीक्षित अमित माहाला गजेन्द्र चौहान राहुल पटवा अर्चना पुरोहित केशव उर्मिल वंदना दुबे राहुल सोलंकी, रूपेश राजपूत, पूनम मेषकर,मोनिका चौकसे, सफलता तिवारी, नीरजा फौजदार कंचन चौकसे आरती बैस नरेन्द्र पटैल संदीप सोनकर दुर्गेश चौधरी दुर्गेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई-पंजीकरण और ई-स्टाम्पिंग के लिए केवल संपदा 2.0 प्रणाली का किया जाएगा उपयोग

र्मदापुरम (निप्र)। वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल 2025 से ई-पंजीकरण और ई-स्टाम्पिंग के लिए केवल संपदा 2.0 प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। संपदा 1.0 का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में तेंदुए की मृत्यु की घटना पर वन विभाग की कार्रवाई

*नर्मदापुरम/29,मार्च,2025/ वन मण ?डल अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि गत दिवस ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में सुरक्षा अधिकारी द्वारा ऑर्डनेंस फैक्ट्री में मैगजीन क्षेत्र में एक तेंदुए की मृत्यु की सूचना 12ः00 बजे दोपहर को दी गई।सूचना प्राप्त होने पर मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम एवं वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम के दिशा निर्देशन में उपवन मंडल अधिकारी नर्मदापुरम वन परीक्षेत्र अधिकारी इटारसी एव वन अमला तत्काल ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के मैगजीन क्षेत्र घटनास्थल पर पहुंचे।तत्पशचात अमले द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। एस ओ पी का पालन करते हुए रस्सी से घेरा बनाकर सुरक्षित किया गया। मृत तेंदुआ की उम्र लगभग ढाई से 3 वर्ष पाई गई सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से डाग स्क्वायड लाकर सर्च कराया गया। शाम होने के कारण पुन: 29.03.2025 को डॉग स्क्वाड द्वारा सर्चिंग कराया गया। अपराध के साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए।प्रथम दृष्टया कुछ जगह करंट से जलने के साक्ष पाए गए हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु की स्थिति स्पष्ट होगी। प्रारंभिक विवेचना जारी है। मृत्यु के कारण पता चलते ही कार्रवाई की जावेगी।मृत मादा तेंदुए का शव परीक्षण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट भोपाल एवं स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी इटारसी की चार सदस्य टीम द्वारा शव परीक्षण उपरांत वन चौकी बागदेव में वन मंडल अधिकारी नर्मदा पुरम तहसीलदार इटारसी एवं एस.ओ.पी के सदस्यों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया।*

### विक्रमोत्सव 2025 : 30 मार्च को नर्मदापुरम जिले में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

नर्मदापुरम (निप्र)। संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के भव्य आयोजन के लिए 30 मार्च 2025 को नर्मदापुरम जिले में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: कालीन सूर्य उपासना एवं ब्रम्हध्वज फहराने का आयोजन सेठानी घाट, नर्मदापुरम में होगा। साथ ही, जिले के प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर भी ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर जिला नर्मदापुरम ने बताया कि सूर्य उपासना के उपरांत प्रात: 10 बजे से "सम्राट विक्रमादित्य" नाट्य प्रस्तुति का मंचन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। आयोजन के दौरान "भारत का नववर्ष विक्रम संवत" पुस्तिका का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे जनमानस को भारतीय नववर्ष की महत्ता से अवगत कराया जा सके। इस आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी। विक्रमोत्सव 2025 के सफल संचालन हेतु कार्यक्रम के लिए जिला मुख्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी कार्यक्रम का भव्य और सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

# निःशुल्क मोटर कार ड्राइविंग प्रशिक्षण संपन्न



### 40 प्रशिक्षणर्थियों ने 20 दिन में सीखे कार चलाने के गुर

नर्मदापुरम (निप्र)। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के 30 छात्र छात्रा एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा की 10 छात्राओं सहित कुल 40 विद्यार्थियों को 4 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक 20 दिवसीय कार ड्राइविंग का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण सुबह 9 से सायं 5 बजे तक प्रतिदिन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले छात्र.छात्राओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि रितेश जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ कल्पना स्थापक डॉ उमेश कुमार धुर्वे, डॉ ए के यादव रमाकांत सिंह ट्रेंनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर कोर्स प्रशिक्षक संजय मीणा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विकसित मध्यप्रदेश -2047 के लिए नागरिक सर्वेक्षण प्रारंभ

### सभी नागरिक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से सर्वेक्षण के लिए अपने विचार कर सकते हैं प्रस्तुत

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश को समावेशी और सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने एवं वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश ञ्च 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विकसित मध्यप्रदेश 2047 नागरिक सर्वेक्षण का शुभारंभ किया गया है। यह सर्वेक्षण प्रदेश के नागरिकों को अपनी आकांक्षाओं और सुझावों को साझा करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे सरकार उनकी आवश्यकताओं को समझकर विकास नीतियों में सम्मिलित कर सके। प्राप्त सुझावों का गहन अध्ययन कर उन्हें दीर्घकालिक विकास योजनाओं का हिस्सा बनाया जाएगा।

**सर्वेक्षण में भाग लेने की प्रक्रिया**


राज्य के नागरिक https:// mprna .mp. gov.in/vision लिंक पर जाकर अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं। यह सर्वेक्षण 31 मार्च 2025 तक खुला रहेगा, जिसमें नागरिक हिंदी या अंग्रेजी में अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिले के समस्त नागरिक भी इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने सुझाव देकर मध्यप्रदेश को एक विकसित और समृद्ध राज्य बनाने में योगदान दे सकते हैं।

## पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 30 एवं 31 मार्च को विद्यार्थियों के लिए केरियर काउंसलिंग सेशन भी होगा

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर 30 और 31 मार्च 2025 को पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला शासकीय नर्मदा महाविद्यालय स्थित खेल प्रशाल (डोम) में आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में अशासकीय / प्रायवेट विद्यालयों में संचालित पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता कराई जाएगी। इसके अलावा, मेले में विद्यार्थियों के लिए केरियर काउंसलिंग सेशन का भी आयोजन किया जाएगा। इस सेशन के माध्यम से विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया जाएगा तथा उन्हें उच्च शिक्षा और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित करते हुए अपील की है कि वे इस मेले में अवश्य शामिल हों और इसका लाभ उठाएँ।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*



"विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष,
सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विक्रमोत्सव
26 फरवरी से 30 जून 2025
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. अर्जुनराम मेघवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार
प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति
वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल
रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर
सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर
30 मार्च, 2025, उज्जैन
जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
जल गंगा संवर्धन अभियान
शुभारंभ
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट
'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए
mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11218/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025